# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# जानलेवा हमले के मामले में एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुआताल पुलिस ने गत दिनों तीन पर हुए जानलेवा हमले और फायरिंग के मामले में नामजद एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अमजद पुत्र गुड्डू निवासी मुड़िला उर्फ मुण्डेरा वताया। चिलुआताल प्रतिनिधि के मुताविक चौकी इंचार्ज फर्टिलाइजर आशीष सिंह ने आरोपित को वृहस्पतिवार को दिन के 11वजे मिर्जापुर मोड़ शिवमन्दिर के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। अभियुक्त ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मुड़िला उर्फ मुड़ेरा में 21 सितंवर को मंजूर अली पुत्र मुस्तफा निवासी मुड़िला उर्दू मुडेरा थाना चिलुआताल समेत तीन को पीटकर घायल कर दिया था। जानमाल की नीयत से फायरिंग भी की गयी थी। पुलिस ने मौके से एक फायरशुदा खोखा भी वरामद किया था। पुलिस गोलू इरफान, सुल्तान, अमजद अली एवं पगुल के विरूद्ध केस दर्ज कर सरगर्मी से तलाश चल रही थी।

# चेन छीनकर भाग रहे पल्सर सवार स्नैचर धराए

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंट थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर विग वाजार के सामने स्थित एक व्रेकरी की दुकान के सामने खड़ी महिला के गले से पल्सर सवार दो स्नैचरों ने चेन छीन कर भागने लगे। महिला द्वारा शोर मचाने पर कुछ आटो चालकों की मदद से सिपाही वृजेश कुमार सिंह ने दोनों स्नैचरों को मय पल्सर वाइक होटल रेडिसन व्लू के गेट के समीप से दवोच लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। देवरिया जिले की एक महिला विग वाजार सामान खरीदने आयी थी। रात 9.30 वजे के आसपास वह सामानों की ख़रीददारी के वाद विग वाजार के सामने स्थित एक व्रेकरी की दुकान के पास रोड के किनारे खड़ी थी। तभी एक पल्सर पर सवार दो स्नैचर वहां पहुंचे। एक ने झपट्टा मारकर महिला के गले से चेन खींच ली और कूड़ाघाट की ओर भागने लगे। इस वीच महिला और आसपास खड़े लोगों ने शोर मचाया। चौराहे पर खड़े ऑटो चालकों ने दोनों को ऑटो लगाकर रोकने का प्रयास किया। इस वीच वताया जा रहा है कि सिपाही वृजेश कुमार सिंह भी वदमाशों के पीछे लग गये। होटल रेडिसन व्लू के गेट के समीप दोनों को स्थानीय लोगो और आटो चालकों की मदद से सिपाही ने दवोच लिया। इस वीच सूचना पर मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी और कैंट थाने की पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस दोनों वदमाशों से पूछताछ कर रही है। महिला के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है।



बिग बाजार के सामने रात में दिया घटना को अंजाम

सिपाही बृजेश कुमार सिंह ने पीछाकर पकड़ा



गुरुवार रात मोहद्दीपुर में चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल आरोपियों को भीड़ ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# मोहद्दीपुर में महिला की चेन छीनी, भीड़ ने दबोचा

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

मोहद्दीपुर चौराहे के पास बिग बाजार के सामने ब्रेकरी की दुकान पर गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे सामान लेने आई एक महिला के गले से चेन खींच कर भाग रहे बाइक सवार दो बदमाशों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि इनसे चेन लूट की और घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है।

देवरिया की रहने वाली एक महिला मोहद्दीपुर चौराहे पर बिग बाजार में सामान लेने आई थी। वहां से बाहर निकलने के बाद बिग बाजार के सामने स्थित ब्रेकरी की दुकान पर वह सामान लेने गई थी। दुकान से

## दुस्साहस

- पिटाई के बाद भीड़ ने दोनों आरोपियों को पुलिस को सौंपा
- पुलिस ने दोनों के पास से लूटी चेन बरामदगी का किया दावा

बाहर निकलते ही बाइक सवार दो युवक काफी तेजी से आए और महिला के गले से सोने की चेन खींच कर भागने लगे। महिला ने शोर मचाया तो स्थानीय लोगों ने बाइक सवार दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। सूचना पर मोहद्दीपुर चौकी इंचार्ज रविंद्र नाथ चौबे अपनी टीम के साथ पहुंच गए। अवंतिका होटल के पास भीड़ ने दोनों को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों के पास से महिला से लूटी चेन भी बरामद कर ली है।

# घूस मांगने के जुर्म में जेई को पांच साल कैद की सजा

**कलंक कथा 1**

गोरखपुर | निज संवाददाता

## शिकंजा

- भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट ने कारावास-जुर्माने से किया दंडित
- महराजगंज के परतावल में तैनात था जेई शिवपूजन विश्वकर्मा

20 हजार रुपये घूस मांगने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनू भटनागर ने अवर अभियंता को पांच साल कठोर कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है। अभियुक्त शिवपूजन विश्वकर्मा महराजगंज जिले के परतावल विकास खंड के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में तत्कालीन अवर अभियंता के पद पर तैनात था।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रमेश राम त्रिपाठी का कहना था कि महराजगंज जिले के श्यामदेऊरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बसहिया बुजुर्ग निवासी शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उसमे उसका कहना था कि वह ग्राम पंचायत सदस्य है और उसके गांव में इंटरलॉकिंग का कार्य हुआ था। उसका भुगतान 10 लाख रुपया होना था। उसी के भुगतान के लिए अभियुक्त ने शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए की मांग किया। अभियुक्त ने शिकायतकर्ता से कहा कि स्वीकृति के लिए भुगतान राशि 10 लाख का दो प्रतिशत देना होगा। शिकायतकर्ता घूस नही देना चाहता था बल्कि अभियुक्त को रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था। इसपर एक ट्रैप टीम गोरखपुर इकाई का गठन हुआ और अभियुक्त को 13 नवंबर 2014 को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया।

## फर्जी ढंग से प्रबंध समिति में बढ़ाया नाम, केस दर्ज

गोरखपुर | निज संवाददाता



**2** फर्जीवाड़ा कर प्रबंध समिति में सदस्यों का नाम बढ़ाने पर कैंट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मामला देवरिया के किसान माध्यमिक शिक्षा परिषद करजहां का है।

देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के हरियापार मुशहरिया गांव निवासी जगजीवन यादव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोरखपुर की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह किसान माध्यमिक शिक्षा परिषद, करजहां में संयुक्त मंत्री द्वितीय के पद पर हैं। उनके पिता स्वर्गीय शारदा प्रसाद यादव वर्ष 2007 तक प्रबंध समिति के प्रबंधक रहे। समिति के नवीनीकरण के लिए सहायक रजिस्टार फर्म सोसाइटी तथा चिट्स फण्ड उत्तर प्रदेश गोरखपुर के बेतियाहाता स्थिति कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। 20 अक्टूबर 2020 को वह कार्यालय पहुंचे तो मालूम चला कि उनके मृतक पिता जो प्रबंधक थे उनका फर्जी हस्ताक्षर से समिति में फर्जीवाड़ा करके सदस्यों की संख्या फर्जी रसीद काटकर बढ़ा दी गई है। समिति में देवरिया जिले के मदनपुर क्षेत्र के मोहरा गांव निवासी अजय पति त्रिपाठी खुद को मंत्री प्रबंधक के रूप में प्रस्तुत कर फर्जी रसीद तथा प्रार्थना पत्र जमा कर रखा है। जांच करवाने पर उनके पिता का हस्ताक्षर फर्जी निकला।

# आज आएंगे सीएम योगी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

गोरखपुर | मुख्य संवाददाता

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 52वीं पुण्य तिथि एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 7वीं पुण्यतिथि साप्ताहिक समारोह के अंतिम दिन शुक्रवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की श्रद्धांजलि सभा होगी। इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 9:30 बजे गोरखपुर आएंगे। उधर 12:40 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर गृह मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन होगा। जहां से वे गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार महराजगंज के लिए रवाना होंगे। राजनाथ सिंह वहां ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी रहेंगे। शुक्रवार को महराजगंज के कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। महराजगंज से वापसी में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के गोरखनाथ मंदिर आगमन की संभावना है जिसके मद्देनजर विशेष कक्ष तैयार करने के साथ जरूरी तैयारियां भी की गई है। राजनाथ सिंह वापसी में गोरखपुर आएंगे उसके बाद लखनउ रवाना होंगे।

## सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान लखनऊ लौटे

महंत दिग्विजयनाथ पार्क में जनसभा को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान गुरुवार की शाम हवाई मार्ग से लखनऊ लौट गए। हालांकि जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह गोरखपुर में रुके हैं। शुक्रवार को वे गोरखनाथ मंदिर में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# लूटी चेन, पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ा

जासं, गोरखपुर : मोहद्दीपुर चौराहे स्थित बेकरी की दुकान पर गुरुवार रात सामान लेने आई महिला की चेन बाइक सवार बदमाशों ने छीन ली। शोर मचाने पर चेकिंग कर चौकी प्रभारी ने सिपाहियों के साथ दौड़ाकर बाइक समेत बदमाशों को पकड़ लिया।

देवरिया जिले की रहने वाली महिला रात में 9.30 बजे मोहद्दीपुर चौराहे पर बिग बाजार में सामान लेने आई थी। वहां से बाहर निकलने के बाद सामने स्थित बेकरी की दुकान पर चली गईं। दुकान से जैसे ही वह निकलीं पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला के गले से सोने की चेन खींच ली।

# अध्यक्ष प्रत्याशी से मारपीट के मामले में 22 पर केस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सफाईकर्मचारी संघ के चुनाव में एक गुट के लोगों ने अध्यक्ष पद के दावेदार को पीट दिया।शिकायत पर कैंट पुलिस ने 12 नामजद समेत 22 के खिलाफ बलवा, मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज किया है।

बांसगांव के पकड़ी गांव निवासी राम प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि खजनी विकास खंड में वह सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। उत्तर प्रदेश पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे थे। 29 अगस्त को नामांकन करने विकास भवन जा रहे थे।आरोप है कि विकास भवन पहुंचते ही अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी बांसगांव क्षेत्र के विशुनपुर निवासी रमेश कुमार भारती ने अपने समर्थक ओम प्रकाश यादव, राममिलन, वीर, दिलीप, शंभू गौड़, नन्द , अमरदीप, राजकमल, जयहिन्द, राजेश, प्रदीप एवं दस अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डण्डे से हमला कर दिया।जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सौ लीटर कच्ची बरामद आरोपित गिरफ्तार

**मुंडेरा बाजार :** चौरीचौरा के इब्राहिमपुर में गुरुवार सुबह पुलिस ने दबिश देकर गांव के ही जितेंद्र चौहान के पास से सौ लीटर कच्ची शराब, तीन किलोग्राम यूरिया, पांच सौ ग्राम नौसादर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। (जासं)

# जानलेवा हमले के जुर्म में पांच को सात साल का कारावास

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाने व लूट का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोनौरा बुजुर्ग के वीरेंद्र पाठक, बाल मुकुंद, संतोष पाठक, आशीष पाठक तथा संतोष पाठक को सात साल के कठोर कारावास एवं 21 हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं नितिन मिश्र का कहना था कि कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोनौरा बुजुर्ग के एडवोकेट सुरेंद्रनाथ चतुर्वेदी के लड़के इंद्रदेव चतुर्वेदी की उसके गांव में गैस एजेंसी है। 30 मार्च 2014 को आदित्य पाठक व निक्कू पाठक सहयोगियों के साथ गैस एजेंसी पर दूसरी एजेंसी का गैस सिलेंडर लेकर आए। इंद्रदेव पाठक ने उन्हें अपनी एजेंसी का सिलेंडर लेकर आने को कहा। कुछ देर बाद वह लोग दूसरा सिलेंडर लेकर गांव के आठ -दस लोगों के साथ एजेंसी पर आकर गाली देने लगे। परिवादी के लड़के ने सौ नंबर पर फोन कर दिया। पुलिस आई और दोनों पक्ष के लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान कर दी। 31 मार्च 2014 को वादी कचहरी आ रहा था। सोनौली गोरखपुर सड़क पर ग्राम जरहद के पश्चिम सम्मय माता के स्थान पर पहुंचा। उसी समय आरोपितों ने उसकी मोटर साइकिल को रोककर गाली देते हुए जान मारने की मंशा से गाड़ी से खींचकर सड़क के किनारे ले जाकर उसका गला दबाने लगे। इस बीच आरोपितों ने उसके जेब में रखे 2700 रुपये और कागजात लूट लिए।

# फर्जी आइडी बनाकर धमकी देने वाले की जमानत अर्जी खारिज

**जासं., गोरखपुर :** फर्जी आइडी बनाकर इंस्टाग्राम पर फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के चकसा हुसैन निवासी अजहरुद्दीन की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि 17 जून, 2021 को वादिनी के मोबाइल पर इंस्टाग्राम आइडी पायलट प्रिया से मैसेज आया। मैसेज में उनसे एयर होस्टेस पद पर नियुक्ति के लिए मार्कशीट, आधार कार्ड व फोटो भेजने के लिए कहा गया।

वादिनी ने सभी दस्तावेज उस आइडी पर भेज दिए। बाद में आइडी फर्जी निकली और उधर से एक व्यक्ति का फोन वादिनी के मोबाइल पर आने लगा। कुछ दिन बाद उस फर्जी आइडी से आपत्तिजनक मैसेज आने लगे। आरोपित फोटो वायरल करने की धमकी देकर वादिनी को ब्लैकमेल करने लगा। दौरान विवेचना अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया।


स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
राउरकेला इस्पात संयंत्र
राउरकेला–769011 (ओडिशा), भारत
विज्ञापन संख्या 02/2021
दिनांक: 21.09.2021
एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑफिसर (ए.टी.सी.ओ.) के रूप में नियुक्ति के लिए वॉक–इन–इंटरव्यू

## आज आएंगे मुख्यमंत्री योगी, एयरपोर्ट से होकर महराजगंज जाएंगे रक्षा मंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को फिर गोरखपुर आएंगे। वह यहां मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर में महराजगंज प्रस्थान कर जाएंगे। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी महराजगंज के चौकमाफी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोरखपुर एयरपोर्ट से होकर जाएंगे। चौकमाफी में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण होना है। रक्षा मंत्री दोपहर 12.40 बजे वायुयान से गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फिर हेलीकाप्टर से महराजगंज प्रस्थान करेंगे। उधर, मुख्यमंत्री शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे गोरखपुर आएंगे। मंदिर में आयोजित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि और भंडारा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद महराजगंज प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार की शाम को ही गोरखपुर से लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। ब्यूरो

# घूस लेने के आरोपित को पांच साल सजा

**गोरखपुर।** बीस हजार रुपये घूस मांगने का आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनू भटनागर ने महराजगंज जिले के विकास खंड परतावल के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के तत्कालीन अवर अभियंता शिवपूजन विश्वकर्मा को पांच साल के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रमेश राम त्रिपाठी का कहना था कि महराजगंज जिले के श्यामदेऊरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बसहिया बुजुर्ग निवासी शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उनका कहना था कि वह ग्राम पंचायत सदस्य हैं और उनके गांव में इंटरलॉकिंग का कार्य हुआ था। इसके 10 लाख के भुगतान के लिए अभियुक्त ने बीस हजार रुपये की मांग की थी। ब्यूरो

# फर्जी तरीके से प्रबंध समिति में सदस्यों का नाम बढ़ाने पर केस

## देवरिया के किसान माध्यमिक शिक्षा परिषद का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** देवरिया के किसान शिक्षा परिषद की प्रबंध समिति में फर्जी तरीके से नाम बढ़ाने के मामले में कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के हरियापार मुशहरिया गांव निवासी जगजीवन यादव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोरखपुर की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह किसान माध्यमिक शिक्षा परिषद, करजहां में संयुक्त मंत्री द्वितीय के पद पर हैं। उनके पिता स्वर्गीय शारदा प्रसाद यादव वर्ष 2007 तक प्रबंध समिति के प्रबंधक रहे। इस प्रबंध समिति के माध्यम से ही किसान इंटरमीडिएट कॉलेज करजहां, देवरिया का संचालन होता है। समिति के नवीनीकरण के लिए सहायक रजिस्टार फर्म सोसाइटी तथा चिट्स फंड गोरखपुर के बेतियाहाता स्थिति कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। 20 अक्तूबर 2020 को वह कार्यालय में नवीनीकरण की जानकारी लेने पहुंचे तो मालूम चला कि उनके मृतक पिता जो प्रबंधक थे उनके फर्जी हस्ताक्षर से समिति में फर्जीवाड़ा करके सदस्यों की संख्या फर्जी रसीद काटकर बढ़ा दी गई है।

समिति में देवरिया जिले के मदनपुर क्षेत्र के मोहरा गांव निवासी अजय पति त्रिपाठी खुद को मंत्री प्रबंधक के रूप में प्रस्तुत कर फर्जी रसीद तथा प्रार्थना पत्र जमा कर रखा है। इसके अलावा उसने अपने कई दोस्त एवं रिश्तेदार को भी फर्जी रसीद की मदद से समिति में शामिल कर रखा है। एक्सपर्ट से जांच करवाने पर उनके पिता का हस्ताक्षर फर्जी निकला। कोर्ट ने आरोपित अजय पति त्रिपाठी के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत मुकदमा दर्ज कर एक सप्ताह के अंदर आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धमकी देने के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोपित जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के चकसा हुसैन निवासी अजहरुद्दीन पर आरोप है कि उसने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर वादिनी से उनके कागजात मंगा लिए और अश्लील मैसेज करने के साथ उनकी आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी। ब्यूरो

## दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के तरंग क्रॉसिंग के बगल के रहने वाले प्रांजल सिंह चौहान पर आरोप है कि वह अन्य सह अभियुक्तों के साथ मिलकर 13 अगस्त 2018 को 11:30 बजे दिन में पीड़िता को स्कूटी गाड़ी, आभूषण तथा नगद रुपयों के साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया और किशोरी से दुष्कर्म किया। बाद में 3 जुलाई 2019 को दुष्कर्म का मुकदमा वापस लेने के लिए मारपीट की और धमकी भी दी। इसका मुकदमा अलग से दर्ज है। ब्यूरो

# जानलेवा हमला लूट के आरोपितों को सात साल सजा

**गोरखपुर।** मारपीट कर जानलेवा हमला व लूट करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोनौरा बुजुर्ग निवासी वीरेंद्र पाठक, बाल मुकुंद पाठक, आशीष उर्फ कुलदीप पाठक व संतोष पाठक को सात साल के कठोर कारावास एवं 21 हजार 500 रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर अभियुक्तों को एक वर्ष 21 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। जानकारी के मुताबिक, अभियुक्तों पर सोनौरा बुजुर्ग निवासी परिवादी सुरेंद्रनाथ चतुर्वेदी के पुत्र इंद्रदेव चतुर्वेदी पर 31 मार्च 2014 को सोनौली-गोरखपुर मार्ग पर जानलेवा हमले और 2700 रुपये लूटने का आरोप था। ब्यूरो

# फायरिंग करने का एक आरोपित गिरफ्तार

**चिलुआताल।** इलाके के झुगियां बाजार के मुडिला में बाइक हटाने के विवाद में युवक पर फायरिंग करने के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान अमजद के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 21 सितंबर को बाइक हटाने को लेकर मंजूर अली से विवाद हो गया था। इस पर कुछ युवकों ने आकर मारपीट की और एक ने फायरिंग कर दी थी। मंजूर के पेट को छूते हुए गोली निकल गई थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दे रही थी। बृहस्पतिवार को फर्टिलाइजर चौकी इंचार्ज आशीष ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

राष्ट्रीय सहारा दि. 24/9/21

# पूरे मनोयोग से हासिल करें प्रशिक्षण : एसपी

**देवरिया(एसएनबी)**। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 100 महिला आरक्षियों का बृहस्पतिवार को मासिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम वहां उपस्थित समस्त महिला आरक्षियों की समस्याओं को पूछा गया, जिसमें किसी महिला आरक्षीं द्वारा कोई समस्या नहीं बतायी गयी।

**प्रशिक्षणाधीन महिला रिक्रूट आरक्षियों का सम्मेलन**

पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि आप एक अनुशासित विभाग में हैं और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अनुशासन बनाये रखते हुए पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। ऐसा कदापि न सोचें की यह मात्र एक प्रशिक्षण है। आपको आउटडोर तथा इनडोर में जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है वह आपके सेवानिवृत्त होने तक आप के साथ रहेगा। आज आप द्वारा फिल्ड में बहाया हुआ पसीना आपको भविष्य में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने में आपको सक्षम बनायेगा।

इसके पश्चात एसपी डॉ. मिश्र ने उनके पाठ्यक्रम संबन्धित उनसे प्रश्नोत्तर किये एवं ग्राउन्ड में आईटीआई-पीटीआई द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण को अच्छे से किये जाने हेतु उचित दिशा निर्देश देते हुए यह भी कहा कि पुलिस विभाग में अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पुलिसकर्मी द्वारा अनुशासन बनाये रखना उसकी प्रथम प्राथमिकता है।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी आरटीसी उ.नि. श्रीकृष्ण यादव एवं समस्त पुलिस अध्यापक, आईटीआई, पीटीआई उपस्थित रहे।



प्रशिक्षणाधीन महिला रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते एसपी। फोटो : एसएनबी

# पुलिस की सक्रियता से मासूम मिला

सहारा दि. 24/9/21

**भटनी(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के हतवा गांव निवासी अकरम पुत्र जाहिद अंसारी के मासूम को पुलिस ने अपनी सक्रियता से बरामद कर मानवता का मिशाल पेश किया है। बताते हैं कि हतवां निवासी अकरम ने पुलिस को सूचना दिया कि उनका 3 वर्ष का बच्चा घर से कहीं लापता हो गया है। इस सूचना पर महिला कांस्टेबल संगीता सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए बच्चे को तलाश लिया। बच्चा मिलने के बाद महिला आरक्षी संगीता सिंह ने बच्चे को उसके घर वाले को सुपुर्द किया। महिला पुलिस की इस सक्रियता की वाहवही हर जगह हो रही है।

सहारा दि. 24/9/21
भटनी(
के मासू
बताते हैं
से कहीं
हुए बच्चे
उसके घ
रही है।

# फर्जी शिक्षक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भाटपाररानी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के चनुकी से बुधवार की रात वांछित चल रहे एक फर्जी शिक्षक को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बलिया रसड़ा थाना क्षेत्र के सुलुई गांव निवासी श्री प्रकाश पांडेय पुत्र स्व. इन्द्रदेव पांडेय थाना क्षेत्र के करमुआ पूर्व मा.वि. में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थें। विभाग द्वारा कराए गए जांच में इनका प्रमाण पत्र फर्जी मिलने पर एबीएसए लार द्वारा मई 2020 में भाटपाररानी थाना में 419, 420, 467, 468, 441, के तहत केस दर्ज कराया था।

# दलदल में फंसे सांड़ की पुलिस ने बचाई जान

**बरहज।** दो दिनों से दलदल में फंसे एक सांड को पुलिस ने नाविकों व ग्रामीणों की मदद से गुरुवार को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाल जान बचाई। एक मवेशी की जान बचाने वाले पुलिस कर्मियों के इस कार्य की सराहना हो रही है। बरहज तहसील क्षेत्र स्थित परसिया देवार गांव के ग्रामीणों ने बरहज पुलिस को सूचना दी थी कि सरयू नदी किनारे हुए दलदल में पिछले दो दिन से एक सांड फंसा हुआ है। उसे निकालने का किया जा रहा हर संभव प्रयास विफल हो रहा है। बचाव दल के सहयोग से मवेशी को बाहर निकाल जान बचाई जा सकती है। मामले की जानकारी होते ही सुबह करीब छह बजे नाव से हेड कां. मिथिलेश कुमार, कां. धीरज सोनकर, कां. मुन्ना खरवार, कां. रामराज यादव, कां. अक्षय निषाद, कां. निरंजन सरोज, कां. सर्वेश यादव व नाविक मुन्ना दियारा पहुंचे।

हिन्दुस्तान दि. 24/9/21

# महिला रिक्रूटों को मनोयोग से प्रशिक्षण करने के निर्देश

## अनुशासा

देवरिया | निज संवाददाता

पुलिस लाइन के आरटीसी में प्रशिक्षण ले रही महिला रिक्रूट आरक्षियों के साथ एसपी ने गुरुवार को बैठक की। जहां उन्होंने प्रशिक्षण ले रही महिला रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन में रहने और कानून के साथ ही पुलिस मैनुअल का पाठ पढ़ाया। एसपी ने रिक्रूट महिला आरक्षियों से प्रशिक्षण में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने प्रशिक्षण के दौरान होने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। बैठक में किसी भी रिक्रूट आरक्षी ने कोई परेशानी नहीं बताई। एसपी ने कहा कि अनुशासन बनाये रखते हुए पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ऐसा कभी ना सोचें की यह मात्र एक प्रशिक्षण है, आपको आउटडोर तथा इनडोर में जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है वह आपके सेवानिवृत्त होने तक आप के साथ रहेगा। आज आप द्वारा फिल्ड में बहाया हुआ पसीना आपको भविष्य में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने में आपको सक्षम बनायेगा।

इसके बाद एसपी ने प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम संबन्धित उनसे प्रश्नोत्तर किये एवं ग्राउन्ड में आईटीआई-पीटीआई द्वारा दिये जाने वाले प्रशिक्षण को अच्छे से किये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक प्रकाशचन्द्र पाण्डेय, प्रभारी आरटीसी दरोगा श्रीकृष्ण यादव एवं समस्त पुलिस अध्यापक, आईटीआई, पीटीआई मौजूद रहे।

दै० जागरण दिः 24/3/21

# पुलिसकर्मियों ने दलदल में फंसे सांड़ को निकाला

जागरण संवाददाता कपरवारः बरहज तहसील के ग्राम परसिया देवार में सरयू नदी के किनारे दल दल में एक साड़ दो दिन से फंसा था। वह निकलने का प्रयास कर रहा था लेकिन निकल नहीं पा रहा था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। बरहज पुलिस मौके पर पहुंच काफी प्रयास के बाद साड़ को दल दल से बाहर निकाला। साड़ को बचाने में कपरवार चौकी के दीवान मिथिलेश कुमार, सिपाही धीरज सोनकर, मुन्ना खरवार, रामराज यादव, अजय कुमार यादव , अक्षय निषाद, निरंजन सरोज, सर्वेश यादव, नाविक मुन्ना साहनी शामिल रहे।

# चोरी की बाइक के साथ चार चढ़े पुलिस के हत्थे

पथरदेवा : बघौचघाट पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसमें से दो शातिर बताए जा रहे हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। हालांकि पुलिस कुछ भी कहने से अभी परहेज कर रही है। (जासं)

# चोरी का सामान बरामद, एक युवक को भेजा जेल

**मईल।** थाना क्षेत्र के बेलवा गांव में चोरी के सामान के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे बाद में जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी चंद्रावती देवी एक साल से मकान में ताला बंद कर अपने भाई के पास कलकत्ता चली गई थी। एक सप्ताह पहले घर का ताला खुला देख गांव के लोगों ने उसे खबर दी। जब महिला घर पहुंची तो सामान चोरी देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस चोर की तलाश में जुट गई थी। इस संबंध में एस आई उमाशंकर सिंह ने बताया कि बेलवा निवासी गोविंद के पास से चोरी की गई गैस सिलिंडर, सिलाई मशीन, साइकिल बरामद की गई। उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# पुलिस ने दो वांछितों को किया गिरफ्तार

**भाटपार रानी।** पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग दर्ज मामलों में दो वांछितों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम दिलीप बैठा निवासी रैपुरा, थाना हथुआ जनपद गोपालगंज बिहार बताया जा रहा है। वह दुष्कर्म का आरोपी है। दूसरा मानस पांडेय निवासी सुखई रसड़ा बलिया का निवासी बताया जा रहा है। मानस पर धोखाधड़ी का केस दर्ज है। एसओ दिलीप सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों से पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

हिन्दु

# एक साल पहले लापता दो चचेरी बहनें बरामद

**खड्डा।** थानाक्षेत्र के एक गांव से एक साल पूर्व लापता हुई दो चचेरी बहनों को खड्डा पुलिस ने राजस्थान के जयपुर जिले से बरामद कर लिया है।

खड्डा थानाक्षेत्र के एक गांव से पिछले साल दो चचेरी बहनें घर से लापता हो गईं थीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब उनका पता नहीं चला तो मामले में थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराया, जहां पुलिस तभी से दोनों युवतियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस के मुताबिक किसी के माध्यम से पता चला कि दोनों बहनें राजस्थान के जयपुर में हैं।

हिन्दुस्तान

### खड्डा क्षेत्र में 13 साल पूर्व युवती का अपहरण कर हुआ था रेप

# अपहरण व रेप के दोषियों को दस साल की कैद

पडरौना | निज संवाददाता

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 साल पूर्व एक युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दस-दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला व सत्र न्यायाधीश एफटीसी नम्बर दो कुशीनगर श्याममोहन जायसवाल ने दोनों आरोपियों पर 90 हजार का अर्थदंड लगाकर उसका 50 फीसदी धनराशि पीड़िता को देने का निर्देश दिया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कृष्णकुमार पांडेय के मुताबिक पीड़िता की मां ने बताया कि 29 मई 2008 को गांव के दो आरोपियों ने घर में घुसकर बेटी को जबरन उठा ले गये तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी तहरीर देने के बावजूद खड्डा थाने की पुलिस ने घटना के दो महीने बाद 25 जुलाई को दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा लड़की को बरामद किया। पुलिस के जांच व मेडिकल रिपोर्ट में लडकी गर्भवती थी। इस मामले में कुल पांच गवाहों के गवाही के बाद विद्वान न्यायाधीश ने गुणदोष के आधार पर बलवंल पुत्र रामजीत निवासी रामपुर गोनहा के मदरहा टोला व शिब्बु उर्फ नित्यानंद हरिजन पुत्र रामप्रसाद निवासी रामपुर गोनहा के चौरसिया टोला को दोषसिद्ध करार देते हुये दोनों को दस-दस साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 45-45 हजार रुपये अर्थदंड लगाते हुये इसमें से 50 फीसदी यानी 45 हजार रुपये पीड़िता को सहायता देने का निर्देश दिया है। अर्थदंड नहीं देने तीन महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई है। दोनों आरोपी जमानत पर बाहर थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट में दोनों पेशी पर आये थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**सजा**

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी नम्बर दो श्याममोहन जायसवाल ने सुनाई सजा
- आरोपियों पर 90 हजार का अर्थदंड लगा उसका 50 फीसदी पीड़िता को देने का निर्देश दिया



हिन्दु

# कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ केस

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव बिहार खुर्द की महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर जानलेवा हमला कर लूट की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में वाद दाखिल किया था। इस मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के आदेश पर पटहेरवा थाने की पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ लूट व जानलेवा हमला करने समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के बिहार खुर्द गांव की मंजू देवी द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के न्यायालय में एक वाद दाखिल कर बताया था कि उसके ही गांव के महंथ सिंह, सेवंती देवी, मनीष, बलिराम, राहुल व धर्मेंद्र श्रीवास्तव एक अक्तूबर 2020 को घर में घुस गए और उसके साथ अमर्यादित व्यवहर करते हुए मारपीट करने लगे।

हिन्दुस्तान

# दुदही ब्लॉक प्रमुख पर जालसाजी का केस

## कोर्ट का आदेश

पडरौना | निज संवाददाता

दुदही की ब्लॉक प्रमुख रमावती देवी के खिलाफ धोखाधड़ी एवं जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। न्यायालय के आदेश पर विशुनपुरा थाने में केस दर्ज हुआ है। ब्लॉक प्रमुख पर दूसरे गांव के मतदाता सूची में धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर नाम शामिल करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

ग्राम पृथ्वीपुर निवासी माला देवी पत्नी सुनील गोंड ने न्यायालय में वाद दाखिल किया था कि रमावती देवी

### धोखाधड़ी

- न्यायालय के आदेश पर विशुनपुरा थाने में दर्ज हुआ मुकदमा
- दुदही ब्लॉक प्रमुख रमावती देवी पर दूसरे गांव की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का है आरोप
- विशुनपुरा थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू कर मामले की विवेचना

पत्नी लल्लन का नाम ग्राम बिचपटवा-बरवापट्टी के मतदाता सूची में दर्ज है, जहां की वह निवासी हैं। पंचायत चुनाव के दौरान वे अपनी पति के सहयोग से अपना और अपने परिजनों का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराते हुए धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर पडरौन मडूरही के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ीं। न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए विशुनपुरा थाने की पुलिस को केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। इस पर विशुनपुरा पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ धोखाधड़ी एवं जालसाजी का केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है। इस संबंध में एसओ विशुनपुरा अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया। विवेचना के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**जासं., समउर बाजार :** सरकार मिशन शक्ति योजना के तहत जगह-जगह चौपाल के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर रही है। गुरुवार को समउर बाजार स्थित मार्डन सेंट्रल एकेडमी में छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। समउर पुलिस चौकी के प्रभारी प्रमोद कुमार ने पाक्सो एक्ट, महिला अपराध संबंधी कानून, नारी शक्ति मिशन तथा मानवाधिकार की जानकारी दी। एसआइ विवेक तिवारी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी महिला हेल्पलाइन, वूमेन पावर हेल्पलाइन, चाईल्डलाइन नंबर की जानकारी दी। प्रबंधक राकेश शर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया। संचालन मनंजय तिवारी ने किया। आद्या सिंह, राजेश पांडेय, अभय पांडेय आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में दो को दस साल की सजा

**जासं. पडरौना :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल की अदालत ने गुरवार को दुष्कर्म के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा व 45-45 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता केके पांडेय ने बताया कि वादिनी ने 25 जुलाई 2008 को रामकोला थाने में तहरीर देकर सूचना दी कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री का 29 मई 2008 की रात में गांव के बलवंत व शिब्बू उर्फ नित्यानन्द ने अपहरण कर लिया है। पीड़िता ने दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने की बात भी कही। बाद में पुलिस ने दूसरे स्थान से लड़की को बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर बाद विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। जहां दोनों पक्षों की दलील सुनने तथा दाखिल पत्रावलियों के अवलोकन के बाद विद्वान न्यायाधीश ने यह सजा सुनाई।

## फैसला

- **अदालत ने लगाया 45 हजार रुपये अर्थदंड**
- **अर्थदंड न देने पर काटनी होगी तीन माह की सजा**

# कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा:** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव बिहार खुर्द निवासी मंजू देवी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के समक्ष शिकायत की थी कि गांव के महंथ सिंह, सेवंती देवी, मनीष, बलिराम, राहुल व धर्मेंद्र श्रीवास्तव बीते वर्ष एक अक्टूबर को घर में घुस गए। गाली-गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। सेवंती ने कान का झुमका व मंगल सूत्र छीन लिया। लोहे के राड से जानलेवा हमला किया जिससे वह बेहोश हो गईं थीं। शोर सुनकर बचाने गए रोहित व अनुज को भी बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घर में लूटपाट की। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में न्यायालय ने मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया।

# चोरी के आभूषण बेचने वाले पकड़े गए

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के गड़हिया में मंगलवार को दिनदहाड़े प्रो. डॉ. राकेश प्रताप शाही के घर चोरी में जिस व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा था, उसका गिरोह सात वर्षों से सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यह एक संगठित गिरोह है, जो विभिन्न क्षेत्रों से आभूषण चुराकर बेचता है।

इस गिरोह के कुछ सदस्यों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रोफेसर के घर से चोरी के मामले में गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर कुशीनगर सहित गोरखपुर, देवरिया तक पुलिस टीम का छापा मार चुकी है।

## 100 से अधिक बार एक ही शख्स को बेचा आभूषण

इस गिरोह के कुछ सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तुर्कपट्टी थाने के एसओ आनंद गुप्ता के साथ कसया थाने के एसओ अखिलेश सिंह, जयप्रकाश पाठक और स्वॉट टीम प्रभारी अमित शर्मा सहित पुलिस की चार टीमें छापा मारकर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह गिरोह गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया सहित अन्य जिलों में सात वर्षों से सक्रिय है। पता चला है कि चोरों ने गोरखपुर के एक ही स्वर्ण व्यवसायी को 100 से ज्यादा बार आभूषण बेचा है। स्वॉट टीम प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि कुछ संदिग्धों से कसया थाने में पूछताछ की जा रही है। जल्द ही पुलिस को

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# बेटा व माता-पिता पर अपहरण का मुकदमा

**जासं, चिउटहा:** सिंदुरिया थानाक्षेत्र की नाबालिग बालिका को भगाने के मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक, उसके पिता व मां के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। चिउटहां चौकी प्रभारी रमाशंकर चौधरी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित मिथिलेश, पिता मंगल व माता के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

**मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार** : श्यामदेउरवा: थानाक्षेत्र के ग्राम बुद्धिरामपुर में हरेंद्र यादव को रविवार को एक समुदाय के दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने सात नामजद सहित 25 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर ध्यान सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल शिवकृपा शुक्ला, कांस्टेबिल आशुतोष राय की टीम ने गांव के इस्तखार, अलीशेर व अब्दुल जब्बार निवासी बुद्धिरामपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# आज आएंगे रक्षामंत्री व सीएम,सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## सेना के हेलीकाप्टर ने किया लैंडिंग का पूर्वाभ्यास, एसपी के साथ सेना के जवानों ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

जागरण संवाददाता, महराजगंज: महराजगंजः रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को चौक में आएंगे। वह यहां गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। गुरुवार को केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। रक्षामंत्री और सीएम की सुरक्षा को लेकर ग्रैंड रिहर्सल किया गया। सेना के जवानों की देखरेख में हेलीकाप्टर की लैंडिंग का पूर्वाभ्यास हुआ। इस दौरान पूरे रूट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होने वाली फोर्स की ब्रीफिंग हुई।

जिला प्रशासन के अनुसार, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दिन में 2.45 बजे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो बजे महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में पहुंचेंगे। सुरक्षा



चौक में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते ( बाएं से दूसरे )केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी व सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया● जागरण

### रक्षामंत्री राजनाथ व सीएम योगी करेंगे अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण, तीन एएसपी, एक हजार पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी

व्यवस्था में तीन अपर पुलिस अधीक्षक, 10 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 28 निरीक्षक, 150 उपनिरीक्षक, 20 मुख्य आरक्षी व 850 आरक्षी जिसमें 150 महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने निरीक्षण कर तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने सुरक्षा में लगे जवानों को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग में वीवीआईपी की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस, पीएसी और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को जिम्मेदारी सौंपी गई।



चौक स्थित हेलीपैड पर लैंडिंग का पूर्वाभ्यास करता सेना का हेलीकाप्टर ● जागरण

उन्होंने कहा कि आमजन की गतिविधियों पर मुस्तैदी से नजर रखें। कार्यक्रम के दौरान बैरिकेडिंग से बाहर कोई न आने पाए, इस पर पूरा फोकस रहे। सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने हेलीपैड, फ्लीट व कार्यक्रम स्थल के लिए चिकित्सकीय टीम गठित कर ली है।

# अपहृत किशोरी मिली, आरोपित गिरफ्तार

**जसं, महराजगंजः** सदर कोतवाली पुलिस ने एक माह पूर्व अपहृत किशोरी को बरामद करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है। नगर चौकी प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि एक माह पूर्व किशोरी के पिता ने आरोपित अखिलेश कुमार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस क्रम में गुरुवार को सर्विलांस की मदद से दोनों को बरामद कर लिया गया।

# सात नामजद सहित 32 पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## प्रेम-प्रसंग मनबढ़ों द्वारा युवक की पिटाई का मामला

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में गत दिनों कुछ मनबढ़ों ने प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इस मामले में श्यामदेउरवा पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर सात नामजद और 25 अज्ञात सहित कुल 32 आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कि या है।

श्यामदेउरवा थाना प्रभारी सुनील कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का अपने ही गांव के रहने वाली एक समुदाय के युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। इसी बीच 19 सितंबर को कुछ लोगों ने प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश में युवक को लेकर युवती के घर चले गए। वहां पर उन लोगों द्वारा युवक की बेरहमी से पिटाई की गई। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई और घायल युवक को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल में भर्ती कराया गया।

उसके बाद गांव में शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। उन्होंने कहा कि पीड़ित युवक के लिखित तहरीर के आधार पर सात नामजद सहित 32 आरोपियों के खिलाफ बलवा एवं अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या के आरोप में पति ससुर व सास को जेल

**चौक बाजार।** क्षेत्र के ग्राम सभा बेलभरिया टोला विजय नगर निवासी उषा यादव (26) की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृत उषा के पति सोनू यादव, ससुर ईश्वर यादव व सास बासमती को बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे बेलभरिया चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उषा के पिता शिवचरन निवासी ग्राम जंगल गुलहरिया थाना कोल्हुई की पुत्री की शादी बेलभरिया टोला विजयनगर निवासी सोनू यादव से हुई थी। शादी के कुछ वर्षों तक सब ठीक रहा। इस दौरान उसे एक पुत्र हुआ।

आरोप है कि सोनू सहित परिजनों ने दहेज के लालच में गत सोमवार की रात हत्या कर दी। मृतका के पिता शिवचरन की तहरीर पर दहेज, हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी बेलभरिया चौराहे पर है जो कहीं भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# चौक बाजार में आज होगा महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण

## रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे जिम्मेदार, अधिकारियों ने भी भ्रमण कर देखी स्थिति

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** चौक बाजार स्थित गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराह्न तीन बजे से महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। देश व प्रदेश के दो प्रमुख राजनीतिज्ञों के जिले में आगमन को लेकर सफाई व अन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने में दिन भर कसरत हुई। जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर जो कार्यक्रम आया है उसके मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो बजकर 15 मिनट पर गोरखपुर एयरपोर्ट पर आएंगे, इसके उपरांत वे मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर से दो बजकर 45 मिनट पर चौक स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय परिसर में पहुंचेंगे। महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण व अन्य कार्यक्रम में हिस्सा लेने के उपरांत वे अपराह्न चार बजकर 15 मिनट पर वे महाविद्यालय से गोरखपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। दोनों नेताओं के आगमन के मद्देनजर बृहस्पतिवार को महाविद्यालय परिसर, छावनी व मंदिर परिसर में सफाई, रंगरोगन, जाली लगाने समेत अन्य कार्यों को पूरा किया गया। हेलीपैड स्थल पर भी बैरीकेडिंग किए जाने के कार्य को अंतिम रूप प्रदान किया गया। पंडाल को सजाने व उसमें क्रमबद्ध ढंग से लोगों को बिठाने की दिशा में भी आवश्यक तैयारियों को पूरा किया गया।

**अधिकारियों ने चौक पहुंच किया निरीक्षण :** प्रभारी जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता, अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साई तेजा सीलम, अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, अपर एसडीएम अविनाश कुमार, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने चौक बाजार महाविद्यालय परिसर, हेलीपैड स्थल व छावनी का निरीक्षण किया तथा जिम्मेदारों को आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किया। एसपी ने भी पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किया, साथ ही पार्किंग व्यवस्था पर भी विशेष नजर रखे जाने का निर्देश दिया। देर रात एक बार फिर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण होगा। शुक्रवार की सुबह मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, अपर महानिदेशक अखिल कुमार के भी कार्यक्रम स्थल पर आने की सूचना है।



सीएम योगी व रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेलीकॉप्टर से आए अधिकारी। संवाद

### सुरक्षा तंत्र ने मौके पर पहुंच कर लिया जायजा

रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर भारतीय वायुसेना के हेलीकाप्टर से चौक पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा के प्रबंधों को देखने के उपरांत तथा लगभग घंटे भर तक रहने के उपरांत सुरक्षाकर्मी फिर रवाना हो गए।

### महंत अवेद्यनाथ का चौक बाजार से था गहरा नाता

गोरक्ष पीठाधीश्वर रहने के दौरान महंत अवेद्यनाथ का चौक बाजार से गहरा नाता रहा। गोरक्षपीठ का मंदिर व छावनी होने के नाते उनका यहां भी आगमन होता रहता था। क्षेत्र में शिक्षा की आवश्यकता को समझते हुए उन्होंने शिक्षण संस्थानों की स्थापना कराई, जिसकी देन है कि क्षेत्र के लोग शिक्षा की मूलभूत आवश्यकता से जुड़कर आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। गोरखनाथ मंदिर से जुड़े रहने की वजह से वे पूरे हिंदू जनमानस के लिए प्रेरणा के स्रोत रहे।



चौक बाजार में सीएम योगी के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते एसपी प्रदीप गुप्ता। संवाद

## सीएम को सौपेंगे तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन

**महराजगंज।** सिटीजन फोरम की बैठक अध्यक्ष डॉ. आरके मिश्र के आवास पर बृहस्पतिवार को हुई। इस दौरान शुक्रवार को चौक बाजार में गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में आगमन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 3 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष डॉ. आरके मिश्र ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना, केंद्रीय विद्यालय को संचालित किए जाने तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक का केंद्र खोले जाने की जरूरत है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करने की संभवतः स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन, इसे कुछ तकनीकी कारणों से संचालित नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश होगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक का क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र खोला जाए जिससे जनपद के अनुसूचित जाति, जनजाति के गरीब, वन टांगिया समुदाय लोगों को उच्च शिक्षा कम से कम शुल्क पर प्राप्त हो सके। फोरम के उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, केएम अग्रवाल, महासचिव विमल कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष दिलीप शुक्ला, मीडिया प्रभारी डॉ. शांति शरण मिश्र, सचिव शमसुल हुदा खान, राम प्रकाश गुप्त, डॉ. राकेश राय कौशिक, सुनील मिश्र, हरिकेश बहादुर सिंह, रूपेश यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

### जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और केंद्रीय विद्यालय के संचालन पर जोर

## महंत अवेद्यनाथ ने राम मंदिर आंदोलन को समग्र, व्यापक और निर्णायक बनाया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** डीवीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह के मुताबिक अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। महंत दिग्विजयनाथ ने अपने जीवनकाल में मंदिर आंदोलन में क्रांतिकारी नवसंचार किया तो उनके बाद इसकी कमान महंत अवेद्यनाथ ने संभाली।

नब्बे के दशक में उनके ही नेतृत्व में श्रीराम मंदिर आंदोलन को समग्र, व्यापक और निर्णायक मोड़ मिला। आंदोलन की ज्वाला गांव-गांव तक प्रज्वलित हुई। महंत अवेद्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति और श्रीराम जन्मभूमि निर्माण उच्चाधिकार समिति के अध्यक्ष के रूप में आंदोलन में संतों, राजनीतिज्ञों और आमजन को एकसूत्र में पिरोया।

**श्रीराम मंदिर आंदोलन के नायकों में शुमार हैं महंत अवेद्यनाथ:** महंत अवेद्यनाथ का जीवन में दो ही सपना था। पहला ऊंच-नीच, जाति-पाति और छुआछूत को खत्म कर सामाजिक समरसता की स्थापना करना और दूसरा अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण। इन दोनों सपनों को पूरा करने के लिए वह ताउम्र मिशनरी भाव से जुड़े रहे। उनका नाम श्रीराम मंदिर आंदोलन के नायकों में शुमार है।

**अपने मिशन के लिए ही राजनीति में आए:** एमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव के मुताबिक नाथपंथ की लोक कल्याण की परंपरा को धर्म के साथ राजनीति से भी संबद्ध कर महंत ने पांच बार मानीराम विधानसभा क्षेत्र और चार बार गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी किया। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए हुए आंदोलन को निर्णायक पड़ाव देने के लिए इस राष्ट्रसंत को निश्चित ही युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

**भगवान राम और देवी दुर्गा के जरिए देते थे समाज को एकजुट होने का संदेश:** डीवीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह के मुताबिक महंत अवेद्यनाथ सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए प्रभु श्रीराम और देवी दुर्गा के उद्धरणों से संदेश देते थे। ऐसे संदेश उनकी दिनचर्या में शामिल थे। लोगों को व्यावहारिक रूप में समझाते थे कि प्रभु श्रीराम ने शबरी के जूठे बेर खाए, निषादराज को गले लगाया, गिद्धराज जटायु का अंतिम संस्कार अपने हाथों किया, वनवास के दौरान वनवासियों से मित्रता की तो इसके पीछे उनकी सोच समरस समाज की स्थापना ही थी। वह बताते थे कि देवी दुर्गा की आठ भुजाएं समाज के चारों वर्णों से दो-दो भुजाओं की प्रतीक हैं। समाज के ये चारों वर्ण एकजुट हो जाएंगे तो वह भी देवी दुर्गा की भांति इतने सशक्त होंगे कि किसी भी शक्तिशाली पर नियंत्रण पा लेंगे।

**उत्तराखंड से गोरखपुर तक का सफर:** 18 मई 1919 को गढ़वाल (उत्तराखंड) के ग्राम कांडी में जन्मे महंत अवेद्यनाथ का बचपन से ही धर्म, अध्यात्म के प्रति गहरा झुकाव था। उनके इस जुड़ाव को विस्तृत आयाम नाथपंथ के विश्वविख्यात गोरक्षपीठ में महंत दिग्विजयनाथ के सानिध्य में मिला। गोरक्षपीठ में उनकी विधिवत दीक्षा 8 फरवरी 1942 को हुई और वर्ष 1969 में महंत दिग्विजयनाथ की चिर समाधि के बाद 29 सितंबर 1969 को वह गोरखनाथ मंदिर के महंत व पीठाधीश्वर बने। योग व दर्शन के मर्मज्ञ पीठाधीश्वर के रूप में उन्होंने अपने गुरुदेव के लोक कल्याणकारी व सामाजिक समरसता के आदर्शों का पालक और विस्तारित किया। यह सिलसिला 2014 में आश्विन कृष्ण चतुर्थी को उनके चिर समाधिस्थ होने तक अनवरत जारी रहा।

### डोमराजा के घर संतों के साथ भोजन कर कायम की सामाजिक समरसता की मिसाल

एमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव के मुताबिक महंत अवेद्यनाथ वास्तविक अर्थों में धर्माचार्य थे। धर्म के मूल मर्म सामाजिक समरसता को उन्होंने अपने जीवनपथ का उद्देश्य बनाया था। आजीवन हिंदू समाज से छुआछूत और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने के लिए वृहद अभियान चलाया। अखिल भारत वर्षीय अवधूत भेष बारहपंथ योगी महासभा के अध्यक्ष के रूप में देशभर के संतों को भी अपने इस अभियान से जोड़ा। अपने स्पष्ट विचारों के चलते पूरे देश के संत समाज में अति सम्माननीय रहे महंत अवेद्यनाथ दक्षिण भारत के मीनाक्षीपुरम में दलित समाज के सामूहिक धर्मांतरण की घटना से बहुत दुखी हुए। इस तरह की पुनरावृत्ति उत्तर भारत में न हो, इसी कारण से धर्म के साथ उन्होंने राजनीति की भी राह चुनी। उनका ध्येय हिंदू समाज की कुरीतियों को दूर कर पूरे समाज को एकजुट करना था। इसे लेकर ही दलित बस्तियों में सहभोज अभियान शुरू किया जहां जातिगत विभेद से परे सभी लोग एक पंगत में भोजन करते। काशी में डोमराजा के घर संत समाज के साथ भोजन कर महंत अवेद्यनाथ ने सामाजिक समरसता का देशव्यापी संदेश दिया। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दलित कामेश्वर चौपाल के हाथों राम मंदिर के भूमिपूजन की पहली ईंट रखवाई।

### पांच बार विधायक और चार बार सांसद रहने का अनूठा रिकार्ड

**गोरखपुर।** एमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव के मुताबिक महंत अवेद्यनाथ के नाम राजनीति के क्षेत्र में भी अनूठा रिकार्ड है। उन्होंने पांच बार (1962, 1967, 1969, 1974 व 1977) मानीराम विधानसभा सीट और चार बार (1970, 1989,1991 व 1996) गोरखपुर सदर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया था। वह अखिल भारतीय हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष व महासचिव के रूप में भी प्रतिष्ठित रहे।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# पुलिसकर्मियों को कराया गया योगाभ्यास

कप्तानगंज (एसएनबी)। स्थानीय थाना परिसर में गुरूवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय योग शिविर के प्रथम दिन पुलिस कर्मियों को आदित्य नरायन गिरि द्वारा सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार तथा ध्यान मुद्रा का अभ्यास एवं गरूणध्वज पाण्डेय द्वारा प्राणायाम कराया गया। योगाचार्य श्री गिरि ने कहा किहमारे व्यवहारिक जीवन में योग को जोड़ने के लिए गीता में लिखा गया है। गुफा और कन्द्राओं में बैठकर की जाने वाली साधना ही योग नही है। उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में अपने कर्मों को कितनी श्रेष्टता एवं स्वच्छता के साथ करते है बस यही योग है। गीता में तो स्पष्ट कहा गया है कि किसी वस्तु की प्राप्ति पर आपको अभिमान न हो और किसी के छूट जाने पर दुःख भी न हो। सफलता मिले तो नजर जमीन पर रहे और असफलता मिले तो पैरों के नीचे से जमीन कांपने न लग जाए। बस दोनों परिस्थितियों में एक सा भाव ही योग है। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि योग वह विधा है जो शरीर, आत्मा और मन तीनों का संतुलन बना करके स्वास्थ्य को उत्तम बनाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि योग चित्त, विक्षेप को समाप्त कर अपने निज आत्म स्वरूप को देखने, समझने, परखने तथा स्व का साक्षात करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में योग जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। इस मौके पर तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सात पर सीआरपीसी की कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)**। क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने तथा आम जनमानस में भय का माहौल कायम करने वाले सात लोगों को सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया गया है। कार्रवाई कलवारी थाने की पुलिस ने किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कलवारी थाने की पुलिस ने क्षेत्र से अफसर पुत्र मुस्तफा, रामचन्द्र पुत्र रामानन्द, राजेश कुमार पुत्र गंगाराम, अर्जुन पुत्र फूलचन्द्र, सूरज पुत्र जगलाल, फूलचन्द्र पुत्र रामानन्द एवं दुर्गेश पुत्र गंगाराम निवासी अक्सड़ा थाना कलवारी को 110 जी सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया है। पुलिस का कहना है कि उक्त अभियुक्तो द्वारा क्षेत्र में रहकर समाज विरोधी कार्य करते थे तथा क्षेत्र की शान्ति व्यवस्था को बिगाड़ने में इनकी संलिप्तता पायी जाती थी। पुलिस द्वारा कई बार चेतावनी देने के बावजूद इनकी आदतों में सुधार नही आया, जिससे यह कार्यवाही करनी पड़ी।

# एक गोवंशीय पशु बरामद,दो तस्कर गिरफ्तार

**दुबौलिया (एसएनबी)**। स्थानीय पुलिस ने बुधवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर भैया रामबाल विद्या मन्दिर अजगरा जंगल के पीछे से एक गोवंशीय पशु के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध अपराध संख्या 148/2021 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम तथा 11 पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वे गुरूवार की रात अपने हमराही उपनिरीक्षक मान सिंह यादव, कांस्टेबिल शिवबन्धु, आमिर अली एवं राजन गौड़ के साथ गस्त पर निकले थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भैया रामलाल विद्या मन्दिर अजगरा जंगल के पीछे एक गोवंशीय पशु को बाधा गया है जिसे तस्कर वध के लिए ले जाने के फिराक में है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक गोवंशीय पशु तथा पिकप संख्या बीआर 28 जीए 4859 बरामद हुआ। टीम द्वारा मौके पर से कुशीनगर जनपद के पटहेरवा थानान्तर्गत कनकवेदा टोला निवासी यूसुफ अली पुत्र याकूब अली तथा संतकबीरनगर जनपद के दुधारा थानान्तर्गत साफिया बाद निवासी मेराज पुत्र ओल्लन को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# वादी-संवाद दिवस में पूछी गई समस्याएं

**कप्तानगंज (एसएनबी)**। एसपी आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कलवारी आलोक प्रसाद तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को वादी-संवाद दिवस का आयोजन किया गया। थाने पर आए वादियों से संवाद कर उनकी समस्याएं पूछी गई और निस्तारण का आश्वासन दिया गया। सीओ ने बताया कि थाने पर आए वादियों से उनकी समस्याएं पूछी गई। उनके अधिकारों एवं मुकदमे के प्रगति के बारे में उन्हें अवगत कराया गया। समस्त बीट पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। सीओ ने थाने के बैरक, शौचालय, मेस, अभिलेखों के रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने वांछित अभियुक्त, गुण्डा एक्ट के जिला बदर अपराधियों पर नियन्त्रण रखने के लिए की गई दबिश की कार्रवाई आदि के बारे में भी जानकारी हासिल किया।

# दैजी में तैनात रहे चार सचिवों के विरुद्ध मुकदमा

## सीडीओ के निर्देश पर प्रभारी एडीओ पंचायत कुदरहा ने थाने में दी थी तहरीर , जांच में सभी दोषी

जागरण संवाददाता, रुधौली: मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर कुदरहा विकास खंड के दैजी ग्राम पंचायत में तैनात चार पूर्व सचिवों पर लालगंज थाने में गबन का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इनमें से एक सचिव वर्तमान में विक्रमजोत ब्लाक में एडीओ पंचायत हैं। इस प्रकरण में पूर्व प्रधान भी संलिप्त पाए गए हैं। इनको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

बुधवार को कुदरहा ब्लाक के प्रभारी एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर ग्राम पंचायत दैजी में धन निकासी का अभिलेख तैयार न करने, स्थानांतरण के बाद प्रतिस्थानी को लिखित रूप से चार्ज न देने, पीएफएमएस व्यवस्था लागू होने के बावजूद चेक से भुगतान करने तथा ग्राम निधियों के धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए चार पूर्व सचिवों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

प्रभारी एडीओ पंचायत कुदरहा ने डीपीआरओ को अवगत कराया था कि 15 अगस्त 2019 के बाद ग्राम पंचायतों के खाते से पीएफएमएस को छोड़कर अन्य माध्यमों से भुगतान पर रोक लगी है।

इसके बाद भी ब्लाक के दैजी ग्राम पंचायत में तैनात रहे सचिवों ने चेक से भुगतान कराया। डीपीआरओ ने सात जुलाई 2012 को ग्राम पंचायत में तैनात रहे सचिवों को साक्ष्य सहित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा था, लेकिन एक भी सचिव साक्ष्य सहित उपस्थित नहीं हुए।

विभागीय जांच में सचिव हरिओम पाल, वीरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार राव व अखिलेश कुमार चौधरी को दोषी पाया गया।

डीपीआरओ ने पत्रावली उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर सीडीओ डा.राजेश कुमार प्रजापति ने डीडीओ व डीपीआरओ को अपने स्तर से कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस क्रम में डीपीआरओ शिव शंकर सिंह ने 20 सितंबर को प्रभारी एडीओ पंचायत कुदरहा आनंद कुमार सिंह को दैजी गांव में तैनात रहे सचिव हरिओम पाल (वर्तमान में एडीओ पंचायत विक्रमजोत), निलंबित चल रहे सचिव वीरेंद्र कुमार, ब्लाक में तैनात सचिव अवधेश कुमार राव व वर्तमान में गौर ब्लाक में तैनात सचिव अखिलेश कुमार चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया था। इसी आदेश के तहत कर्मियों द्वारा आगे की कार्रवाई की गई।

### चार्ज न देने वाले सचिव का रुकेगा एक माह का वेतन

जागरण संवाददाता, रुधौली: साऊघाट ब्लाक सभागार में गुरुवार को प्रभारी खंड विकास अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवकों के साथ बैठक की। कहा कि चार्ज न देने वाले सचिवों को इस माह का वेतन रोक दिया जाएगा। उन्होंने रोजगार सेवकों से कहा कि मनरेगा के तहत पांच लाख अति निर्धन परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ करने का लक्ष्य है। जियो टैग मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम से भरने का निर्देश दिया। वहीं ग्राम सचिवों से प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत अब तक की प्रगति के बारे में रिपोर्ट मांगी। अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय के निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। बताया कि 25 सितंबर को गरीब कल्याण दिवस पर सचिव ग्राम पंचायतों में बने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को चाबी वितरित कर गृह प्रवेश करवाए।

एनआरएलएम के अंतर्गत ब्लाक मिशन मैनेजर राजेश मणि को निर्देशित किया कि पूर्ण हो चुके सामुदायिक शौचालय को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हस्तांतरित करवाएं। एडीओ आइएसबी सुनील कुमार आर्य, एडीओ पंचायत रामचंद्र वर्मा, सचिव रीता चौधरी, मनोज वर्मा, ललिता मौर्या, लालजी, अशोक कुमार गौतम, शैलेंद्र मणि, सीपी चौधरी, पिंकी देवी, नेहा वर्मा, मांडवी सिंह, चंद्रशेखर, आलोक कुमार रविशंकर शुक्ल, राकेश कुमार पाण्डेय, पूर्णिमा सिंह, सुभाष चंद्र राव मौजूद रहे।

### 10 पंचायत सचिवों को शोकाज नोटिस

**कार्रवाई**

- 15 दिन के अंदर सभी कार्य पूर्ण कराने के दिए गए निर्देश
- डीपीआरओ के निरीक्षण में अधूरे मिले थे पंचायत भवन

जागरण संवाददाता, बस्ती: डीपीआरओ शिवशंकर सिंह ने सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का निर्माण अधूरा मिलने पर नाराजगी जताते हुए 10 पंचायत सचिवों को शोकाज नोटिस जारी किया है। अधूरे कार्य पूर्ण करने के लिए सभी को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है।

डीपीआरओ ने बताया कि उन्होंने डीपीसी राजा शेर सिंह के साथ मंगलवार को जिले के 11 ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया था। रुधौलीगंज विकास खंड के गड़हा गौतम ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन के निर्माण का जायजा लिया तो दोनों में फिनिशिंग का कार्य अधूरा मिला। सचिव रवि प्रकाश द्वारा बताया गया कि उन्हें अभी चार्ज नहीं मिला। डीपीआरओ ने तत्काल पूर्व सचिव प्रियंका को फोनकर चार्ज देने का निर्देश दिया। वहीं दुबौलिया विकास खंड के हरिपालपुर में सामुदायिक शौचालय में फिनिशिंग, विद्युत कनेक्शन का काम अधूरा मिला तो पंचायत भवन में शौचालय का निर्माण नहीं हुआ था। तिघरा ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय में गड्ढे को शौचालय से जोड़ा नहीं गया था। अंदर फर्श धंसी मिली। चिलमा परसन में पुराना पंचायत भवन ध्वस्त मिला, वहां नए का प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश दिया गया। सामुदायिक शौचालय में गड्ढे का ढक्कन नहीं लगा था। लारा ग्राम पंचायत में पुराने पंचायत भवन की मरम्मत कराई जा रही थी। फर्श में खड़े ईंट का प्रयोग किया जा रहा था, जिसे मनाकर गिट्टी का प्रयोग करने को कहा गया। सामुदायिक शौचालय में विद्युत कनेक्शन नहीं मिला। बताया कि यहां लगा पानी का पंप भी चोरी हो गया। हैंडवाश के लिए टोटी की व्यवस्था नहीं मिली। ऊंजी ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन एक ही परिसर में बना मिला जो बारिश के पानी से घिरा था। वेदपुर में पंचायत भवन के दरवाजे और खिड़की का कार्य अधूरा मिला तो सामुदायिक शौचालय की फर्श धंसी मिली। मझियार में सामुदायिक शौचालय में ढक्कन नहीं मिला तो पंचायत भवन में फर्श और शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया था। भरवलवा में सामुदायिक शौचालय में वाटर सप्लाई, रेलिंग आदि की व्यवस्था नहीं हुई थी तो पंचायत भवन में दरवाजा, खिड़की और शौचालय का काम अधूरा मिला।

# अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा

बस्ती : कोतवाली थाना क्षेत्र के बैरिहंवा चौराहा निवासी नीलू शर्मा पत्नी स्व. संतोष कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने जेवर व 10 हजार रुपये नकदी चुरा लिया। (जासं)

# एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**जागरण संवाददाता, बभनान :** मिशन शक्ति फेज-3 के तहत गुरुवार को पंडित महादेव शुक्ल कृषक इंटर कालेज गौर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान

एंटी रोमिया स्क्वायड टीम ने छात्राओं को जागरूक किया। छात्राओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबन बनने के लिए प्रेरित किया गया।

एंटी रोमिया प्रभारी निधि यादव ने छात्राओं को महिला हेल्प लाइन समेत अन्य हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर है। महिलाओं को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

कहा कि महिलाएं निडर होकर रहे। जागरूकता से ही महिला उत्पीड़न पर रोक लगाया जा सकता है। कहा कि अगर कहीं कोई भी अनहोनी की आशंका हो तो तत्काल 1090,112,1076,1098 पर सूचना दें। रामेश्वर यादव, विजयकांत, ममता चौहान, अभिषेक सिंह व एकता सिंह मौजूद रही।

# गोवंश को पिकअप में लाद रहे दो तस्कर गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- मौके से भाग निकला एक पशु तस्कर
- दुबौलिया थाना क्षेत्र के अजगरा जंगल गांव के पास हुई गिरफ्तारी

**जागरण संवाददाता, दुबौलिया :** दुबौलिया पुलिस ने बुधवार की रात गश्त के दौरान अजगरा जंगल गांव के पास वध के लिए पिकअप पर गोवंश लाद रहे दो गो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान पिकअप पर लदे गोवंश को पुलिस ने बरामद कर लिया।मौका पाकर एक पशु तस्कर और चार गोवंश भाग गए।

बुधवार की रात 8.30 पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी अपने हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिली कि अजगरा जंगल गांव के पास एक स्कूल के पीछे गो तस्कर वध के लिए पिकअप में गोवंश लाद रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि तीन गो तस्कर गोवंश के साथ मौजूद हैं। पुलिस पहुंचती इससे पहले एक गो तस्कर चार गोवंश को भगाकर खुद फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप और उसमें लदा एक गोवंश सहित दो पशु तस्करों को पकड़ लिया। उनकी पहचान यूसुफ अली निवासी कनक वेदा टोला थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर व मेराज निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुई। दुबौलिया पुलिस ने गिरफ्तार दोनों गो तस्करों के अलावा मौके से फरार एक अन्य आरोपित सिराज निवासी ग्राम थावे थाना थावे जिला गोपालगंज बिहार के विरुद्ध गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



दुबौलिया पुलिस के साथ गिरफ्तार पशु तस्कर • जागरण

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गो तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वे गोवंशों को चोरी छिपे पिकअप में लादकर बिहार ले जाते हैं और उनका वध कर मांस बेचने का कारोबार करते हैं।

# ग्रामीणों ने पकड़ा गैस सिलिंडर लदा पिकअप

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के पटखापुर चौराहे पर बृहस्पतिवार सुबह रसोई गैस सिलिंडर लदी एक पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में पूर्ति विभाग हर्रैया के निरीक्षक को सुपुर्द कर दिया। हाईवे से परशुरामपुर मार्ग पर जा रही एक पिकअप को पटखापुर चौराहे पर कवलपुर निवासी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रुकवा लिया। गैस सिलिंडर के अवैध रिफलिंग और अवैध कारोबार का आरोप लगाते हुए पूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक सत्येंद्र प्रसाद और विक्रमजोत चौकी प्रभारी मनीष जायसवाल ने पिकअप को कब्जे मे लेकर जांच पड़ताल शुरू की। पिकअप पर 35 रसोई गैस सिलिंडर लदी थी, जिसे विक्रमजोत पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। पूर्ति निरीक्षक सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि पिकअप में कुल 35 रसोई गैस सिलिंडर लदे थे। जिसमें चार खाली थे। वाहन चालक ने बताया कि एक गैस एजेंसी के लिए डिलीवरी के लिए ले जा रहा है, लेकिन जांच-पड़ताल में मौजूद सिलिंडरों से संबंधित कागजात मौजूद नहीं मिला है। संवाद

# छात्राओं को दी गईं कई उपयोगी जानकारियां

**बभनान।** एंडी रोमियो टीम व थाना गौर की पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-3 अभियान के तहत शासन द्वारा प्रदत्त हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी। अभियान के अन्तर्गत कानूनी जागरूकता एवं स्वावलंबन कार्यक्रम का आयोजन पंडित महादेव शुक्ल कृषक इण्टरमीडिएट कॉलेज गौर में किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में स्कूल की छात्राओं को कानून की जानकारी दिया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे1090,1076,1098,112,108 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया तथा सीयूजी नंबर भी दिया गया। मौके पर एण्टी रोमियो प्रभारी निधि यादव, एसआई रामेश्वर यादव विजय कांत, आरक्षी ममता चौहान ,आरक्षी अभिषेक सिंह एण्टी रोमियो टीम की एकता सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। संवाद

# मारपीट के तीन मामलों में 13 लोग किए गए नामजद

## घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परशुरामपुर व लालगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश, घर में घुसकर मारपीट और बंटवारे के विवाद को लेकर मारपीट की तीन घटनाओं में 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परशुरामपुर के मगनापुर निवासी सियाराम का आरोप है कि गांव के पिंटू, सिब्बू, काशी, ठेकेदार, रामकुमार व गोपाल ने पुरानी रंजिश को लेकर एकजुट होकर घर में घुस गए। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। एसओ अवधेशराज सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं लालगंज थाने के बैजनाथ जोत निवासी अभिमन्यु गोस्वामी का आरोप है कि परिवार में आपसी बंटवारे के विवाद को लेकर धर्मवीर, पारस गोस्वामी व मेनका देवी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### लालगंज व परशुरामपुर थाने में दर्ज हुए तीनों मुकदमे

एक अन्य मामले में लालगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट व छेड़खानी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता युवती का आरोप है कि गांव के अमरनाथ, संजय चौधरी, अनुराधा व राजगोपाल ने 20 सितंबर की शाम घर में घुसकर मारपीट की। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ अश्लील हरकत भी की। बीच-बचाव करने आई मां को भी मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि सभी आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# पशु बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार



दुबौलिया पुलिस दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## पशु क्रूरता अधिनयिम में तीन पर केस दर्ज

### दुबौलिया पुलिस ने अजगरा जंगल के पास की गिरफ्तारी

**दुबौलिया।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने अजगरा जंगल के पास से पिकअप में लदा एक गोवंशीय पशु बरामद किया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। पिकअप में बैठा एक आरोपित फरार होने में सफल रहा।

बुधवार रात साढ़े 10 बजे क्षेत्र के अजगरा जंगल के पास क्रूरता पूर्वक प्रतिबंधित पशु को ले जाते समय पुलिस टीम ने पकड़ा। मौके से एक व्यक्ति फरार हो गया। मगर चालक समेत दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि पशु को

धरपकड़ के मामले में थाने के एसआई मान सिंह की तहरीर पर यूसुफ अली निवासी पिपरा कनक वेदा टोला पोस्ट पिपरा कनक थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर, मेराज निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जिला संतकबीरनगर और उनके एक साथी सिराज निवासी थावे मंदिर, थाना थावे जिला गोपालगंज, बिहार के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई राजेश कुमार गुप्ता को

# दहेज उत्पीड़न में नौ पर केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रुधौली क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी सिद्धार्थनगर के बांसी थानांतर्गत छितुना में हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर मारा-पीटा गया और जानमाल की धमकी देकर प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में ससुराली चन्द्रपाल, अकाली देवी, घमालू, सिद्धु, रामकृपाल, शिवपाल, लक्ष्मी, पूनम व शोभा निवासी छितुना थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

**बर्डपुर (एसएनबी)।** बर्डपुर बाजार से एक व्यक्ति को 280 नशीली दवाओं के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल भेजा है। मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर बाजार निवासी राहत अली पुत्र रहमत को 280 नशीली गोलियो के साथ पकड़ा और जेल भेज दिया है। इस दौरान चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार यादव, लालबहादुर भारती, चन्द्रमोहन मौर्य आदि मौजूद रहे।

# चोरी गये सामान के साथ एक गिरफ्तार

भनवापुर (एसएनबी)। अपराध की रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एक व्यक्ति को चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया। जिसकी तलाश पुलिस को काफी दिनों से थी। बोरीबली रेलवे पुलिस थाना मुम्बई में पंजीकृत मुअसं 79/2021 धारा 379 भा.द.वि. से सम्बन्धित मुंबई रेलवे में चोरी किये गये माल के बरामी के सम्बन्ध में महाराष्ट्र पुलिस से पुलिस इंस्पेक्टर सचिन लोखण्डे, हेक्का सुसान्त सिन्दे, हेक्का सुरेश एल्ला, पी.एन. प्रसान्त सालुन्के, पीसी रविन्द्र ठाकुर थाना त्रिलोकपुर आये और प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर रणधीर कुमार मिश्रा से समन्वय स्थापित किये। जिसपर प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर महाराष्ट्र पुलिस से आये अधिकारी कर्मचारीगणं के साथ अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र अवधराम चतुर्वेदी निवासी देवरिया चमन थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया। चोरी किये सामानों को अभियुक्त के निशादेही पर बरामद भी किया गया।

# पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू

**भारतभारी।** क्षेत्र के नगर पंचायत भारतभारी में गुरुवार से पुलिस चौकी का निर्माण शुरू हो गया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने चौराहे पर जेसीबी से खुदाई का कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि चौकी बन जाने से आसपास के लोगों को सुरक्षा के लिए परेशान नहीं होनां पड़ेगा।

# मुंबई रेलवे में हुई चोरी का माल बरामद

**बिस्कोहर | हिन्दुस्तान संवाद**



आरोपित के निशानदेही पर बरामद हुए माल के साथ मुंबई की रेलवे व त्रिलोकपुर पुलिस टीम।

पिछले दिनों मुंबई की बोरीवली रेलवे में हुई चोरी का माल गुरुवार को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बरामद हो गया है। यह कामयाबी मुंबई रेलवे और त्रिलोकपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से मिला है। माल को बरामद करने के बाद उसे लेकर रेलवे पुलिस मुंबई के लिए रवाना हो गई है।

इंस्पेक्टर रणधीर मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों मुंबई के बोरीवली रेलवे थाना क्षेत्र में चोरी हो गई थी। चोरी के मामले में रेलवे पुलिस ने मुंबई में रह रहे त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के देवरिया चमन गांव निवासी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया था लेकिन चोरी का माल बरामद नहीं हो पाया था। आरोपित की सुरागरसी पर मुंबई बोरीवली रेलवे पुलिस के इंस्पेक्टर सचिन लोखण्ड अपनी टीम के साथ गुरुवार को त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में आए थे। वह अपने साथ आरोपित को भी लाए थे। आरोपित की निशानदेही पर क्षेत्र के मलहवार, तेनुई व राउडीला गांव से चोरी के तीन लैपटाप, 15 पेनड्राइव, तीन पावर बैंक, चार हार्डडिस्क, एक बड़ा ब्लूटूथ बरामद हुआ। बरामद माल को लेकर रेलवे पुलिस मुंबई के लिए रवाना हो गई है।

# नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : मोहाना पुलिस ने गुरुवार को नशीली दवाओं की तस्करी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से 280 टेबलेट अल्प्रासेफ बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपित का नाम राहत अली निवासी बर्डपुर थाना मोहाना है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, लाला बहादुर भारती, चंद्रमोहन मौर्या शामिल है। (जासं.)

# मुंबई की ट्रेनों में चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

## रेलवे पुलिस ने दर्ज कराया था मुकदमा, मुंबई क्राइम ब्रांच व त्रिलोकपुर पुलिस टीम को मिली कामयाबी

- जनपद सिद्धार्थनगर के देवरिया चमन का रहने वाला था चोर
- तीन लैपटाप सहित चोरी किए गए अन्य सामान बरामद

जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर : मुंबई की ट्रेनों में चोरी करने वाले एक आरोपित को क्राइम ब्रांच मुंबई व त्रिलोकपुर पुलिस टीम ने धर दबोचा। आरोपित ट्रेन में लैपटाप आदि की चोरी करता था और उसे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बेचता था। टीम ने उसके पास से तीन लैपटाप सहित अन्य चोरी के सामान को बरामद किया। लिखा-पढ़ी के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपित को लेकर मुंबई चली गई।



बरामद सामान के साथ त्रिलोकपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपित •जागरण

मुंबई में ट्रेन से यात्रा कर रहे लोगों के लैपटाप के बैग आदि सामान आए दिन चोरी कर लिए जाते थे। जब चोरी की घटनाएं बढ़ी तो फिर तीन महीने पहले रेलवे पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। फिर मामला महाराष्ट्र पुलिस बोरीवली क्राइम ब्रांच मुंबई को सौंपा गया। टीम ने छानबीन शुरू की। सीसी कैमरे की फुटेज आदि के माध्यम पुलिस ये पता लगाने में सफल रही कि आरोपित सिद्धार्थनगर जिले के त्रिलोकपुर थानांतर्गत देवरिया चमन गांव का रहने वाला है। जिसके बाद महाराष्ट्र पुलिस से पुलिस इंस्पेक्टर सचिन लोखण्डे, हेड कांस्टेबल सुसान्त सिन्दे, सुरेश एल्ला, पीएन प्रशांत सालुन्के, पीसी रविन्द्र ठाकुर की टीम बुधवार को थाना त्रिलोकपुर पहुंचें और प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा से समन्वय स्थापित किए। जिसके बाद संयुक्त टीम ने आरोपित की खोजबीन शुरू की।

कुछ ही घंटों पर टीम के हाथ सफलता लगी और के साथ अभियुक्त प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर चोरी किये सामान में तीन अदद लैपटाप, 15 पेनड्राइव, तीन पावर बैंक, चार हार्डडिस्क, एक ब्लूटूथ बरामद किया गया। आरोपित को लेकर क्राइम ब्रांच टीम मुंबई के लिए रवाना हो गई।

**चिकित्सक की पत्नी से चेन की छिनैती:** सिद्धार्थनगर, शहर में स्थित नीतू क्लिनिक के पास एक मेडिकल स्टोर के काउंटर पर बैठीं चिकित्सक की पत्नी का चेन छिनकर एक युवक फरार हो गया।

घटना की जानकारी होने पर एसओ सदर केडी सिंह मय फोर्स पहुंच गए। घटना दुकान पर लगी सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के सहारे आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

डा. राधेश्याम पांडेय पेशे से चिकित्सक हैं। इनकी तीन बेटियां भी चिकित्सकीय क्षेत्र में कार्यरत हैं। गुरुवार की देर शाम क्लीनिक के मेडिकल स्टोर पर चिकित्सक की पत्नी बैठी हुई थीं। इसी बीच बाइक सवार हेलमेट लगाकर काउंटर पर पहुंचा और गले में पहने चेन को छिनकर फरार हो गया। स्वजन ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

# लैपटॉप चोर को मुंबई ले गई पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** ट्रेनों में मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने के वाले शातिर को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने त्रिलोकपुर पुलिस के सहयोग से देवरिया चमन गांव से बृहस्पतिवार को दबोच लिया। उसके कब्जे से चोरी के तीन लैपटॉप और अन्य सामान बरामद करने के साथ ही टीम उसे मुंबई लेकर गई।

एसओ त्रिलोकपुर रणधीर कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के देवरिया चमन निवासी प्रदीप कुमार अपने साथियों के साथ ट्रेनों में यात्रियों के लैपटॉप, पॉवर बैंक, पेनड्राइव आदि सामान की चोरी कर रहा था। चोरी की इन बढ़ती घटनाओं से बोरीवली मुंबई रेलवे पुलिस गिरोह के लोगों की खोज में थी और एक दिन रंगेहाथ चोरी में वांछित इस आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने

### त्रिलोकपुर की संयुक्त टीम ने चोरी करने वाले को देवरिया चमन गांव से पकड़ा

चोरी के इन सामान को त्रिलोकपुर थाने के गांवों में बिक्री की जानकारी दी। इस जानकारी पर महाराष्ट्र पुलिस इंस्पेक्टर सचिन लोखंडे, कांस्टेबल सुशांत शिंदे, सुरेश एल्ला, पीएन प्रशांत सालुंके, पीसी रविन्द्र ठाकुर मुंबई से पता करते हुए पहुंचे। इसके बाद टीम बनाकर आरोपित प्रदीप कुमार की निशानदेही पर तीन लैपटॉप, 15 पेनड्राइव, तीन पॉवर बैंक, चार हार्डडिस्क, एक बड़ा ब्लूटूथ बरामद कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणधीर कुमार मिश्रा का कहना है कि आरोपित प्रदीप कुमार अपने को लैपटॉप आदि का कारीगर बताकर चोरी के इन सामान को यहां के लोगों में बेचता था।

## 280 नशीली गोली बरामद, एक गिरफ्तार

**बर्डपुर।** मोहाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को बर्डपुर बाजार से एक संदिग्ध को पकड़ा। उसके कब्जे से 280 गोली नशीली दवा बरामद की गई। एसओ मोहाना जयप्रकाश दुबे ने बताया कि आरोपित की पहचान राहत अली निवासी बर्डपुर बाजार थाना मोहाना थाना के रूप में हुई। पूछताछ करने के बाद मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में चौकी प्रभारी सुद्दोधन धर्मेन्द्र कुमार यादव, लालबहादुर भारती, चंद्रमोहन मौर्य मौजद रहे। संवाद

# हर तरफ तैनात रही पुलिस फोर्स

## कार्यक्रम स्थल से केंद्रीय विद्यालय तक रहा सुरक्षा का घेरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए थे। हाइडिल तिराहा से साड़ी तक ढाई किलोमीटर की दूरी में पुलिस का सख्त पहरा रहा। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर दो गेट थे। जहां चेकिंग करने के बाद लोगों को अंदर प्रवेश करने दिया गया।

हाइडिल तिराहे पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। यहां वैध पास दिखाने वाले लोगों को ही आगे निकलने दिया जा रहा था। इसके आगे केंद्रीय विद्यालय के गेट के

### चेकिंग करने के बाद ही लोगों को जनसभा स्थल तक जाने दिया गया

आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। यहां पर एसओ सदर केडी सिंह मोर्चा संभाले हुए थे। इसके आगे कांशीराम आवास जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। जो मंत्री के आने और केंद्रीय विद्यालय से निकलने तक हर आने-जाने वाले को रोक दिए थे। वहीं, आगे बीएसए ग्राउंड के पास सीओ सदर सहित कई थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे। यहां एक वीआईपी गेट था और के सामान्य श्रेणी के लोगों के लिए दोनों गेट पर मेटल डिटेक्टर मशीन लगाकर लोगों को चेक किया गया। इसके बाद अंदर प्रवेश करने दिया गया। वहीं, अंदर सभा स्थल पर प्रवेश करने वाले गेट पर एसओ मिश्रौलिया पंकज कुमार पांडेय, महिला थानाध्यक्ष मंजू चौहान और कोतवाल शोहरतगढ़ आरबी सिंह मुस्तैद रहे। इसके अलावा साड़ी तिराहे तक हर जगह पुलिस फोर्स लगी थी। एएसपी सुरेशचंद रावत सुरक्षा व्यवस्था का पल-पल का जायजा लेते रहे। सेट के जरिए वह सीओ और एसओ से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# एसपी ने लिया थाना पुलिस की कार्यप्रणाली का फीडबैक

**संतकबीरनगर/बेलहर/सांथा/बखिरा/सेमरियावां (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन



वादी संवाद दिवस को संबोधित करते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे वादी संवाद दिवस के अवसर पर जिले के चार थानों पर पुलिस चौपाल लगाकर वादियों से संवाद स्थापित किया गया। थाना पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। थाने के बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर उनके कार्यों की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम प्रहरियों को लाल साफा भी वितरित किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार तथा पुलिस महानिरीक्षक वस्ती ,परिक्षेत्र वस्ती अनिल कुमार राय के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के मार्गदर्शन में जिले के 04 थानों पर पुलिस चौपाल लगाकर वादी संवाद दिवस का

## वादी संवाद दिवस

### ग्राम प्रहरियों में लाल साफा वितरित

आयोजन किया गया। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा थाना बेलहरकला, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा द्वारा थाना दुधारा तथा क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीश भदौरिया द्वारा थाना बखिरा पर वादी संवाद दिवस के अवसर पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व संभ्रानंत व्यक्तियों के साथ उनकी समस्याओं/सुझाओं को सुना गया। थाना पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। थाने के बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई। ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर गांव की सूचनाओं को थाने स्तर पर अवगत कराने हेतु बताया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम प्रहरियों को लाल साफा भी वितरित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सभी विवेचनाओं के वादियों व विवेचकों से संवाद स्थापित किया गया। एक-एक करके संवाद स्थापित कर विवेचना के संबंध में फीडबैक लिया गया और विवेचनाओं का जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए विवेचकों को निर्देश दिया। वादियों को निष्पक्ष विवेचना/कार्रवाई हेतु आश्वासन दिए गए। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन कस्बा/गांवों में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रतिदिन होने वाले सायंकालीन पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने थाना परिसर के आवासीय बैरकों, भोजनालय, स्नानागार, शौचालय, बंदीगृह आदि का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के सभी रजिस्टरों के सुसज्जित ढंग से रख-रखाव करने तथा कम्प्यूटर संबंधी उपकरणों के साथ-साथ, शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की अच्छी तरह से देख रेख हेतु निर्देशित किया ।एसपी द्वारा थाना बेलहर कला पर आयोजित बड़ाखाना में समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सहभोज भी किया गया।

# पुलिस ने चार अवैध शराब कारोबारियों पर की कार्रवाई

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद पुलिस ने चार अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया।

अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामदकर चार आरोपित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना धनघटा पुलिस ने कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नाम पता प्रहलाद पुत्र मुन्नीलाल निवासी उमरिया पाण्डेय व राम विलास पुत्र स्वर्गीय कल्लू निवासी चकिया बाजार, थाना मेंहदावल पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नाम पता दिलीप पुत्र स्वर्गीय पुरुषोत्तम निषाद निवासी बढ़या ठाठर, थाना बखिरा पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नन्हेलाल पुत्र रामधीन निवासी कुसरूखुर्द को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरूद्ध स्थानीय थाना पर आबकारी अधिनियम का मामला पंजीकृत किया।

# यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई कर शिकंजा कसा।

पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 108 वाहनों के स्वामियों से 93 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# पुलिस ने कई मामले में 15 आरोपितों को दबोचा

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने एसपी डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर कई मामले में 15 आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ का अभियान चलाया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, दुधारा व बेलहरकला एक-एक, महुली चार और मेंहदावल थाना पुलिस ने तीन आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की। इधनघटा पुलिस ने एक चाकू के साथ नाम पता रामरेखा पुत्र त्रिलोकी निवासी मड़पौना को गिरफ्तार कर शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

# पुलिस चौपाल में अधिकारियों ने सुनी समस्या

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

जनपद के कई थाना पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी। अधिकारियों की देखरेख चौपाल का आयोजन हुआ। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बेलहरकला व एएसपी संतोष कुमार सिंह ने खलीलाबाद थाना पर सुनवाई की। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वादी संवाद दिवस के माध्यम से जनसुनवाई के बाद राजपत्रित अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ संबंधित थाना पर रात्रि को भोजन भी किया।

जिले के चार थानों पर पुलिस चौपाल लगाकर ''वादी संवाद दिवस'' का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने थाना दुधारा, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीश भदौरिया थाना बखिरा पर ''वादी संवाद दिवस'' पर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ उनकी समस्याओं व सुझाओं को सुना। थाने के बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर उनके कार्यो की समीक्षा की। ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर गांव की सूचनाओं को थाने स्तर पर अवगत कराने के लिए बताया। एसपी ने ग्राम प्रहरियों को लाल साफा भी वितरित किया। उपस्थित लोगों में एक-एक करके संवाद स्थापित कर विवेचना के संबंध में फीडबैक लिया। विवेचनाओं का जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए विवेचकों को निर्देश दिए। वादियों को निष्पक्ष विवेचना एवं कार्रवाई के लिए आश्वासन दिए।



बेलहरकला थाने में चौपाल को संबोधित करते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

### वादी संवाद

- जिले के कई थानों पर आयोजित हुई पुलिस चौपाल
- राजपत्रित अधिकारियों ने पुलिस टीम के साथ किया रात्रि भोजन

# तुर्कवलिया हत्याकांड के दो आरोपियों की जमानत खारिज

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद क्षेत्र के तुर्कवलिया हत्याकांड के दो आरोपियों का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी मोनू एवं राम सिंह पर दो अन्य साथियों के साथ मारपीट करके गैर इरादतन एक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आनन्द कुमार राय ने बताया कि घटना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम तुर्कवलिया का है। प्रकरण में मृतक सभाजीत चौधरी पुत्र राम प्रताप के पुत्र संगम चौधरी ने केस कराया है। वादी संगम का आरोप है कि दिनांक 20 अगस्त को मोनू, सोनू पुत्रगण आत्मा प्रसाद, रामसिंह पुत्र रामरूप और राजन पुत्र रामसिंह ने मुझे, मेरे पिता और मां कलावती देवी को मारकर

# जनता की सुरक्षा के लिए है पुलिस, जरूर लें मदद



बखिरा थाना में आयोजित चौपाल को संबोधित करते क्षेत्राधिकारी अमरीश भदौरिया ( दाएं ) साथ में थानाध्यक्ष चंदन कुमार • जागरण

जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर : पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबरीश भदौरिया ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए है। यदि कोई भी दिक्कत हो तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। समाज में यदि कुछ गलत हो रहा हो तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन को जरूर दें। पुलिस और पब्लिक के बीच तालमेल जरूरी है। इसके लिए समय-समय पर बैठक होती रहनी चाहिए।पुलिस क्षेत्राधिकारी ने गुरुवार को बखिरा थाने पर आयोजित चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चौपाल पुलिस और पब्लिक के बीच बढ़ती दूरियों को कम करने का बेहतर माध्यम है। ग्रामीणों का पुलिस से सीधा संवाद लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है। अब तो पुलिस मित्र के रूप में लोगों से जुड़ रही है। उन्होंने पुलिस हेल्प लाइनों का प्रयोग करने के साथ ही अपराध व अपराधियों से जुड़ी सूचनाएं उपलब्ध कराने की लोगों से अपील की। चौपाल में प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, चौकी प्रभारी हरेन्द्र पाठक, दारोगा उदय शंकर द्विवेदी , विजय प्रताप सिंह, प्रमेश मिश्र, जितेन्द्र शाह ,सुशील यादव , मनोज चौधरी, नुरूल्लाह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कैंप कार्यालय में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते एसपी डा. कौस्तुभ • जागरण

# निर्माणाधीन भवन का कार्य जल्द कराएं पूरा : एसपी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय पर निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। भवन में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री की जांच की।

इस दौरान उन्हें तमाम कमियां मिली, जिस पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया।

एसपी ने निर्माणधीन भवन के कुछ कमरों और छत की ढलाई में प्रयुक्त किए गए सामान की गुणवत्ता

जानकारी ली। भवन निर्माण से संबंधित इंजीनियर ने बताया कि छत की ढलाई वाटरप्रूफ तकनीक से किया गया है।

एसपी ने कार्यदायी संस्था को समय से कार्य पूर्ण करने को कहा। भवन निर्माण के बाद पुलिसकर्मियों को राहत मिलेगी। नए आवास व नए भोजनालय में पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रखरखाव के लिए जिम्मेदारों को

# सीडीओ को दी गई विदाई



**कलेक्ट्रेट में सीडीओ को विदाई देतीं डीएम और एसपी।** संवाद

**अमर उजाला ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** स्थानांतरित सीडीओ अतुल मिश्र को बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई दी गई। डीएम दिव्या मित्तल ने स्थानांतरित सीडीओ के कार्यों की सराहना की।

डीएम ने कहा कि चाहे पंचायत चुनाव रहा हो या फिर सीएम का कार्यक्रम, सभी में सीडीओ ने दायित्व और कर्तव्य का निर्वहन ठीक ढंग से किया।

जनता की समस्याएं सुनना और उसका समाधान कराकर संतुष्ट करने की कला की तारीफ भी की। अधिकारियों और कर्मचारियों को नसीहत देते हुए डीएम ने कहा कि सत्य का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि स्थानांतरित सीडीओ को जब भी पुलिस बेलफेयर की दिशा में काम कराने को कहा गया तो वे कभी पीछे नहीं रहे। स्थानांतरित सीडीओ अतुल मिश्र ने कहा कि उन्होंने सदैव डीएम के मार्ग दर्शन में काम किया।

# रात्रि चौपाल में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

## बखिरा थाने में सीओ ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**बखिरा।** बुधवार रात बखिरा थाना परिसर में सीओ अंबरीष भदौरिया ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। क्षेत्र में कच्ची शराब के धंधे और शराब पीकर ऊधम मचाने वालों पर अंकुश लगाने का मुद्दा उठाया।

सीओ अंबरीष भदौरिया ने चौपाल में आए प्रधानों और आमजन से सीधा संवाद किया। क्षेत्र में पुलिस के कार्य व्यवहार के साथ अपराधों के संबंध में लोगों से जानकारी मांगी। लोगों से अपील की कि छोटी-बड़ी हर घटना की जानकारी पुलिस से साझा ज़रूर करें। सूचना देने वालों का नाम, पता गुप्त रखा जाएगा। सीओ ने कहा कि क्षेत्र में समस्याएं बहुत हैं। पुलिस स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर नजर रख रही है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आमजन को पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

बाद में पुलिसकर्मियों व चौकीदारों से बातचीत करते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा करने व अपराधों को रोकना पुलिस का कर्तव्य है। पूरी जिम्मेदारी के साथ पुलिस को कर्तव्य निभाना चाहिए। इस दौरान एसओ चंदन कुमार, एसआई हरेंद्र पाठक, रमेश यादव, विजय प्रताप सिंह, जितेंद्र शाह, बब्बू खां, नुरुल्लाह, दीनानाथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

# चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार दूबे ने बताया कि आरोपी की पहचान रामरेखा निवासी मड़पौना थाना धनघटा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई पवन कुमार शुक्ला, एसआई अमरनाथ यादव और कांस्टेबल मोहन चौहान शामिल रहे। ब्यूरो

# 50 लीटर कच्ची शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** अलग-अलग थानों की पुलिस ने बृहस्पतिवार को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसओ धनघटा अनिल कुमार दूबे ने बताया कि 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रहलाद निवासी उमरिया पांडेय और राम विलास निवासी चकिया बाजार थाना धनघटा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एसओ मेंहदावल जयबर्द्धन सिंह ने बताया कि दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दिलीप निवासी बढ़या ठाठर थाना मेंहदावल को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एसओ बखिरा चंदन कुमार ने बताया कि दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नन्हेलाल निवासी कुसरूखुर्द थाना बखिरा को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# लूट में फंसाने की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

गोण्डा | संवाददाता

जानलेवा हमला कर लूट करने की फर्जी सूचना देने और चुनावी रंजिश, भूमि विवाद को लेकर गांव के ग्राम प्रधान सहित दो लोगों को फर्जी तरीके से साजिश कर फंसाने के मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत शिवनाथ जायसवाल पुत्र रामशरण जायसवाल निवासी निहालपुर थाना तरबगंज ने भाई रामशंकर के ऊपर अपने ही गांव के दो लोगों के विरुद्ध तमंचे से गोली मारकर 47 हजार रुपये नकद व मोटरसाईकिल लूट लेने की सूचना दी थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कर घटनास्थल का निरीक्षण किया था। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा किए गए सूक्ष्म अन्वेषण में यह बात प्रकाश में आई थी कि शिवनाथ जायसवाल और उसके घायल भाई रामशंकर की अपने ही गांव के विक्रमशंकर तिवारी व परागदत्त जायसवाल के मध्य चुनावी व भूमि विवाद को लेकर रंजिश चल रही है। इसी पर विपक्षियों को फंसाने के लिए रामशंकर को गोली मारकर47हजार रुपए व मोटरसाईकिल लूटने की फर्जी घटना को तैयार किया था। गुरुवार को पुलिस ने घटना के प्रमुख सूत्रधार वादी मुकदमा शिवनाथ जायसवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# ठगी के मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को उठाया

गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात ठगी के मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया जाता है कि आरोपित तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों से ठगी करते थे। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी कर कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। नगर कोतवाल आलोक राव ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# महिलाओं को अधिकारों व सुरक्षा का पाठ पढ़ाया




बलरामपुर | संवाददाता

मिशन शक्ति अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर हनुमंतनगर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार व सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। महिला आरक्षी दीपिका पांडेय ने महिलाओं को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत खासकर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने के लिए उन्हें साक्षर बनाया जा रहा है। इसमें थाना देहात में तैनात महिला आरक्षी दीपिका पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान है। वह ग्रामीण महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए खुद के पास से पाठ्य सामग्रियां खरीदकर लेकर जाती हैं। साथ ही आरक्षी दीपिका महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करती हैं। दीपिका बताती हैं कि ग्रामीण बालिकाओं और महिलाओं को अभी भी उनके अधिकारों के बारे में जानकारी नहीं है। इसलिए वह गांव में जाकर वूमेन पावर लाइन 1090, सीएम हेल्पलाइन 1076, यूपी आपात कालीन नंबर 112, एंबुलेंस सेवा 108 व महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में जानकारी दी। दीपिका ने महिलाओं को बताया कि जरूरत पड़ने पर वह लोग इन नंबरों का प्रयोग कर सकती हैं। महिलाओं को साक्षर व जागरूक बनाने के लिए ही सरकार ने प्रौढ़ शिक्षा अभियान का शुभारंभ किया है। एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण में

महिला आरक्षी दीपिका पांडेय ने महिलाओं को लिखना-पढ़ना सिखाया। आरक्षी दीपिका ने बताया कि सबसे पहले महिलाओं को हस्ताक्षर करने की सीख देने के साथ-साथ उन्हें महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है। गांव के प्राथमिक विद्यालय में सभी हेल्पलाइन नंबरों को लिखवाया गया है। महिलाओं ने कहा कि उन्हें अभियान के तहत कई योजनाओं की जानकारी मिली है।



थाना देहात के ग्राम दुल्हापुर हनुमंतनगर में महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी।

## अभियान

- एसपी बलरामपुर के निर्देशन में महिलाओं को कर रहे जागरूक
- कार्यक्रम के दौरान महिला सिपाही ने अधिकार बताए

बदमाश के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ

# गोवध के आरोपी को मुठभेड़ में गोली लगी

## शिकंजे में शातिर

बलरामपुर | संवाददाता

पचपेड़वा पुलिस व गोवध के वांछित अभियुक्त के बीच बुधवार रात्रि गस्त के दौरान मुठभेड़ हो गई। अभियुक्त ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली उसके पैर में जा लगी। पुलिस ने अभियुक्त को सीएचसी पचपेड़वा में भर्ती कराया, जहां से उसे संयुक्त जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। उसके पास से एक अदद अवैध देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान पचपेड़वा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त नेपाल भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम थाना क्षेत्र के ग्राम भाथर रेलवे क्रॉसिंग के पुलिया के पास पहुंची। वहां पर पुलिस और अभियुक्त के बीच मुठभेड़ हो गई। अभियुक्त ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली अभियुक्त के पैर में जा लगी। उसकी पहचान कल्लू उर्फ अब्बास निवासी भाथर थाना पचपेड़वा बलरामपुर के रूप में हुई है।



संयुक्त जिला चिकित्सालय में घायल अभियुक्त का हाल लेते पुलिस अधिकारी।

# बेटियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

बलरामपुर | संवाददाता

- बलरामपुर गर्ल्स इंटर कॉलेज में नारी संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया
- बेटियों और महिलाओं को शिक्षा स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना होगा

बलरामपुर गर्ल्स इंटर कॉलेज में नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महिला शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर बेटियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम एवं विशिष्ट अतिथि चौकी प्रभारी ममता सिंह यादव रही। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश बेटियों व महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इसी के तहत गोष्ठी, जन जागरूकता अभियान, रैली व प्रभात फेरी आदि निकालकर महिलाओं व बेटियों को जागरूक किया जा रहा है। ममता सिंह यादव ने कहा कि बेटियों को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस उनके साथ है। कोई भी समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रवक्ता अविनाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सबीहा सुल्ताना, अर्चना श्रीवास्तव, आस्था, अनीता, मधुकर सिंह, सारिका, उर्मिला, मीनाक्षी व प्रतिज्ञा आदि मौजूद थी।



बलरामपुर गर्ल्स इंटर कॉलेज में बेटियों को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी

# संघ मृतक आश्रित को मदद देगा

**महराजगंज तराई।** तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर में तैनात तकनीकी सहायक मनरेगा के कर्मचारी की मार्ग दुर्घटना में गत दिनों मौत हो गई थी। गुरुवार को ब्लॉक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ब्लॉक सभागार में शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त की।

मनरेगा रोजगार सेवक संघ ने मृतक आश्रितों को 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के लिए एकत्रित किया। विकासखंड अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक में तैनात कर्मचारी ब्लॉक परिवार का एक सदस्य था। जिसके जाने से काफी आघात हुआ है। मृतक परिवार के साथ ब्लॉक के सभी अधिकारी व कर्मचारी खड़े हैं। बताया कि रोजगार सेवक संघ सहायता राशि का चेक मृतक आश्रितों को सौंपेगा।

# विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

बलरामपुर। विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। लापरवाह विवेचकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली व थानों में बीते दिन वादी दिवस के दौरान विवेचकों को चेतावनी दी गई है। विवेचनाओं का निस्तारण कराने में सहयोग करने की अपील की गई है।

एएसपी अरविंद मिश्र ने नगर कोतवाली का निरीक्षण किया और वादी दिवस के दौरान पर वादियों की फरियाद सुनी। विवेचकों को विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही न बतरने का निर्देश दिया। लापरवाही पाए जाने विवेचकों के खिलाफ एएसपी ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी। एएसपी ने अपराध, एचएस निगरानी, त्यौहार व आगंतुक रजिस्टर को चेक किया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को निर्देश दिया कि बैठकें करके दुर्गा पूजा के संबंध में लोगों को ब्रीफ करें। जिससे शांतिपूर्ण ढंग से शारदीय नवरात्र मनाया जा सके। एएसपी ने ललिया व हरैया थाने का भी औचक निरीक्षण कर वादी दिवस की समीक्षा के साथ-साथ मिशन शक्ति व मिशन अक्षरा अभियान को परवान चढ़ाने का निर्देश दिया।

## कोतवाली व थानों में वादी दिवस में विवेचकों को हिदायत

एएसपी ने देहात कोतवाली का निरीक्षण कर वादी दिवस के आयोजन की समीक्षा की। नगर कोतवाली में व्यापारियों के साथ बैठक कर शारदीय नवरात्र शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने के संबंध में लोगों को ब्रीफ किया। सीओ सिटी वरुण मिश्र ने कोतवाली देहात में वादी दिवस के अवसर पर वादी व विवेचकों के साथ गोष्ठी की और उनकी फरियाद सुनी। लंबित विवेचनाओं का तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सीओ उतरौला उदयराज सिंह ने उतरौला कोतवाली में वादी दिवस पर अध्यक्षता की। सीओ सदर आरआर सिंह ने थाना महराजगंज तराई में वादी दिवस के दौरान विवेचनाओं की समीक्षा की और विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। संवाद

# चीनी मिल की 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## किसानों का सवा अरब भगतान न करने पर कार्रवाई, 123 करोड़ की बकाया वसूली को लेकर जारी हुई आरसी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** प्रशासन ने बजाज चीनी मिल इटईमैदा उतरौला की 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली है। किसानों का सवा अरब गन्ना मूल्य का भुगतान न करने पर प्रशासन की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। डीएम के निर्देश पर मिल प्रबंधन को 123 करोड़ की आरसी भी जारी हो चुकी है। प्रशासन की कार्रवाई होने से मिल प्रबंधन में हड़कंप है। प्रशासन ने मिल प्रबंधन को बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

डीएम श्रुति के निर्देश पर गुरुवार को उतरौला एसडीएम डॉ. नागेन्द्र नाथ यादव राजस्व व पुलिस कर्मियों की टीम के सात बजाज चीनी मिल इटईमैदा पहुंचे । एसडीएम ने बताया कि बजाज चीनी मिल इटईमैदा पेराई सत्र 2020-21 में क्षेत्र के करीब 38 हजार किसानों का सवा अरब रुपये दबाए बैठी है। बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान पाने के लिए किसानों ने शासन से लेकर प्रशासन तक कई बार शिकायत की। किसानों के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन की तरफ से बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराने के लिए मिल प्रबंधन के खिलाफ 50 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। कुर्क की गई संपत्ति में 94 हजार क्विंटल चीनी, तीन कंटेनर सीरा आर चीनी मिल के पास उपलब्ध भूमि को शामिल किया गया है। चीनी मिल की बाउंड्री के बाहर जमीन को चिन्हित कर लाल झंडी लगा दी गई है।

### प्रशासन की कार्रवाई होने से मिल प्रबंधन में मचा हड़कंप तत्काल भुगतान का निर्देश

डीएम के निर्देश पर मिल प्रबंधन को 123 करोड़ की आरसी भी जारी कर दी गई है। चीनी मिल के खिलाफ डुग्गी-मुनादी कराने के साथ ही कुर्क की गई संपत्ति के बारे में बैनर व पोस्टर भी लगवाए जा रहे हैं। मिल प्रबंधन के खिलाफ प्रशासन की तरफ से की गई कार्रवाई को लेकर किसानों में खुशी है। किसानों का कहना है कि बजाज चीनी मिल इटईमैदा ने जब से गन्ना खरीदना शुरू किया है तब से लेकर अभी तक कभी भी समय से भुगतान नहीं किया है। डीएम ने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान कराने का निर्देश एसडीएम के साथ-साथ जिला गन्ना अधिकारी को दिया गया है।



बलरामपुर के बजाज चीनी मिल इटइमैदा में संपत्ति कुर्क करवाते एसडीएम डा. नागेन्द्र नाथ यादव व अन्य। -संवाद

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# पिंटू हत्याकांड में पुलिस की पैरवी प्रभावी रही

**बहराइच।** न्यायालय तृतीय अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश ने गुरुवार को पिंटू हत्याकांड में दोषसिद्ध अपराधी सुजौली थाने के रमपुरवा निवासी सुनील पुत्र मैकू लाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह वारदात 2017 में हुई थी। मृतक पिंटू के परिजन लखीमपुर जिले के निघासन थाने के बोझिया फार्म निवासी राम नरायन पुत्र रामकुमार ने सुजौली थाने में हत्या की धाराओं में नामजद केस दर्ज कराया गया था। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देश पर आपरेशन शिंकजा के तहत सुजौली थाने के विवेचक की ओर से प्रभावी पैरवी कर गवाहों के समय से बयान दर्ज कराए। दोषसिद्ध अपराधी ने अपने बहनोई के छोटे भाई की जघन्य हत्या की थी।

# दुष्कर्म व हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

बहराइच | संवाददाता

सात वर्ष पूर्व खेत में घास काटने गए बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अपराधी पर कोर्ट ने अस्सी हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की आधी धनराशि मृतक बालक के आश्रित को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

विशेश्वरगंज थाने के एक गांव निवासी का सात वर्षीय बेटा एक सितम्बर 2014 की सुबह नौ बजे घर से हंसिया व रस्सी लेकर गांव के बाहर खेत में घास काटने गया था। कुछ देर बाद बालक का पिता खेत की ओर गया, तो उसने देखा कि मेढ़ पर घास बंधी है, पर उसका बेटा वहां नहीं है। इसी दौरान खेत में लगी अरहर की फसल में से इसी थाने के जमुनहा खुर्द निवासी सत्य नारायण उर्फ बृजनाथ पुत्र अशर्फी लाल खेत से निकलकर दूसरी ओर चला गया।

## सजा

- कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर लगाया 80 हजार का जुर्माना
- जुर्माना की आधी राशि मृतक के आश्रित को दिए जाने के आदेश

बालक का पिता खेत के अंदर गया, तो देखा कि उसके बेटे की खेत में लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता की तहरीर पर अप्राकृतिक रेप, हत्या व साक्ष्य छिपाने व पाक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। इस मामले में सत्यनारायण उर्फ बृजनाथ को नामजद किया गया।

# मारपीट में तीन को नामजद किया

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के इटहा गांव निवासी जिया लाल पुत्र बसंत लाल की गांव के ही रिंकू पुत्र नंद लाल से पुरानी रंजिश चल रही थी। बुधवार रात जिया लाल पैदल ही गांव आ रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे रिंकू सहित तीन लोगों ने उस पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के आ जाने पर हमलावर फरार हो गए। घायल को कोतवाली लाए जाने पर उसे पुलिस ने मेडिकल को भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर रिंकू सहित तीन को नामजद कर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया।

# दुर्घटना में मौत का मामला दर्ज किया

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के बनकटवा निवासी कादिर पुत्र जीवन की नातिन पांच वर्षीय मोहनी को सोमवार की शाम तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। घायल मोहनी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था।

इस मामले में कादिर की तहरीर पर दुर्घटना के बाद वाहन सहित फरार चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने से दुर्घटना में हुई मौत की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# चोरी की योजना बना रहे दो गिरफ्तार

**बलहा।** नानपारा कोतवाली की राजा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी शशि कुमार राणा पुलिस बल के साथ बुधवार की आधी रात बाद गश्त पर सहादत इंटर कॉलेज के पास से निकल रहे थे। दो संदिग्ध युवकों को अंधेरे में बैठे देखकर पकड़ा। तलाशी में उसके पास से रस्सी, नकब लगाने का उपकरण, चाभी का गुच्छा, पेंचकस मिला। दोनों युवकों की पहचान जुबलीगंज निवासी कुर्बान अली व अरमान के रूप में हुई।

# यातायात पुलिस ने 26 वाहनों का किया चालान

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह के निर्देश पर यातायात प्रभारी अनिल कुमार तिवारी व उनकी टीम ने बुधवार को सुबह से देर शाम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान में नगर के विभिन्न चौराहों पर वाहन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान 26 वाहनों से 28 हजार रुपये जुर्माना किया गया।

# हत्यारे को आजीवन कारावास

**संसू, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुरजन सिंह ने हत्या के मामले में दोष सिद्ध करते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर उसे एक वर्ष के अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

घटना 23 अगस्त 2017 की है। लखीमपुर के बोझिया फार्म निवासी रामनरायन ने 24 अगस्त को सुजौली थाने में मुकदमा लिखाया कि उसका भाई पिंटू घर से रमपुरवा जाने की बात कहकर निकला था। आरोपित सुनील ने पिंटू के गले पर वार कर दिया, जिससे मौत हो गई।

# दो आरोपित गिरफ्तार

**संसू, जरवलरोड** : धंवरिया निवासी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने थाने पर नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया है कि धंवरिया निवासी इरफान अहमद व अरकान ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दी। थानाध्यक्ष पीके सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

उत्साहवर्धन

## फखरपुर हत्याकांड के खुलासे पर एसपी व पूरी टीम को मिला सम्मान

# हर दिन और हर घंटे मिलती रही चुनौती

संवाद न्यूज एजेंसी

**कैसरगंज (बहराइच)।** तहसील परिसर में एसपी के साथ पूरी टीम के आगमन पर फूलों की बारिश व तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। फखरपुर थाना क्षेत्र में हुए सामूहिक हत्याकांड का खुलासा सात दिन के अंदर करने पर यह उत्साह देखने को मिला। हर कोई पुलिसकर्मियों से मिलने को बेताब था। एसपी व पूरी टीम को सम्मानित किया गया।



कैसरगंज में आयोजित समारोह में सम्मानित एसपी, एएसपी व अन्य। -संवाद

कैसरगंज तहसील में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए एसपी सुजाता सिंह ने कहा कि चार लोगों की हत्या होना और किसी की शिनाख्त न होना। ऐसी घटना का खुलासा करना किसी चुनौती से कम न था, लेकिन हमारी एसओजी व थानों की टीमों ने इस चुनौती को स्वीकारा और मन में सिर्फ एक ही लक्ष्य था कि खुलासा करना ही है। इन सात दिनों के अंदर हमें हर दिन व हर घंटे नई चुनौती से सामना करना पड़ रहा था। हम लोगों ने हर समय मिलने वाली चुनौती को स्वीकारा और मेहनत कर जघन्य घटना का खुलासा किया। अपराधियों को कड़ी सजा मिले इसके लिए पुलिस पूरा प्रयास करेगी।

ब्लॉक प्रमुख संदीप कुमार सिंह बिसेन ने कहा कि सात दिन के अंदर खुलासा कर अपराधियों को जेल भेजने का काम पुलिस ने कर दिया, लेकिन उन सात दिनों में पुलिसकर्मियों पर क्या बीती शायद इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। आरोपी को मुंबई से लाने में और साक्ष्य एकत्र करने में पुलिसकर्मियों ने काफी त्याग किया। संबोधन के बाद कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन व पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी ने एसपी को प्रतीक चिन्ह व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।

इसके बाद एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसडीएम महेश कुमार कैथल, सीओ कमलेश कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांस निखिल कुमार श्रीवास्तव, एसओजी प्रभारी मुकेश सिंह, नानपारा कोतवाल संजय कुमार सिंह, एसपी पीआरओ सौरभ सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज राय, एसओजी टीम के सुनील यादव, जीतेंद्र यादव, करुणेश शुक्ला, नितिन अवस्थी व रवि प्रसाद यादव को प्रतीक चिन्ह व अभिनंदन पत्र देकर समाजसेवी मनीष श्रीवास्तव व परमजीत सिंह ने सम्मानित किया ।

# दुर्गा पूजा के पंडाल सजेंगे रामलीला के मंच भी बनेंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** आगामी त्योहार दुर्गा पूजा व रामलीला महोत्सव जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहारों पर लगा कोरोना ग्रहण समाप्त हो गया है। बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराया जाएगा। यह फैसला श्री नव दुर्गा पूजा महासमिति एवं श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला समिति द्वारा तय किए गए प्रतिनिधि मंडल ने नगर मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी के साथ आयोजित बैठक में लिया गया। रावण दहन के दौरान संख्या को लेकर बनी असमंजस की स्थिति को आज साफ कर दिया जाएगा।

कोरोना संक्रमण के कारण त्योहारों पर ग्रहण लगा हुआ था। इस बार त्योहार पर कोरोना का ग्रहण समाप्त हो चुका है। सात अक्तूबर से 16 अक्तूबर तक होने वाले नवरात्रि में दुर्गा पूजन एवं विसर्जन व राम लीला मंचन सहित रावण दहन, राजगद्दी आदि कार्यक्रमों को लेकर नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सिंह और सीओ सिटी विनय द्विवेदी के साथ चर्चा हुई। दुर्गा पूजा महासमिति के कार्यकारी अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजन पर चर्चा के दौरान विगत वर्ष की भांति ही कराए जाने पर सहमति बनी जिसमें नए स्थान पर कोई प्रतिमा स्थापित नहीं की जाएगी। किसी ऐसे स्थल पर मां



**आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन के साथ बैठक में लिया गया निर्णय**

की प्रतिमा स्थापित नहीं होगी। जिससे आवागमन बाधित हो। प्रतिमा पांच फीट की स्थापित की जाएगी। विसर्जन में विगत वर्ष की भांति छोटे हाथी का प्रयोग किया जाना है। विसर्जन के दौरान कम संख्या के साथ ही लोगों को जाने की अनुमति होगी। पंडालों में एक साथ सौ से अधिक लोग उपस्थित नही होंगे।

उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के सभी कार्यक्रम पूर्व की भांति होंगे। रावण दहन के दौरान संख्या को लेकर असमंजस की स्थिति रही है। जिस पर शुक्रवार की शाम को जिला प्रशासन द्वारा समिति को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान दुर्गा पूजा महासमिति के महामंत्री सुदामा मिश्रा, मर्यादा पुरुषोत्तम राम लीला कमेटी के मंत्री राहुल राय, उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, कन्हैया सोनी, हेमंत मिश्र, सुधाकर मिश्र, अंशुमान यज्ञसैनी आदि मौजूद रहे ।

# मासूम से दुष्कर्म व हत्या में उम्र कैद

**बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज के जमुनहा खुर्द निवासी अभियुक्त को बृहस्पतिवार को न्यायाधीश ने 11 वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म व हत्या में दोष सिद्ध करार दिया है। मामले में अपर सत्र व विशेष न्यायाधीश ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह ने बताया कि थाना विशेश्वरगंज के एक गांव निवासी पिता ने थाने में अपने 11 वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने के मामले में थाना क्षेत्र के जमुनहाखुर्द निवासी सत्यनारायन उर्फ बृजनाथ के खिलाफ एक सितंबर, 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था। मामला अपर सत्र व विशेष सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में चल रहा था। अधिवक्तागणों ने बताया कि बृहस्पतिवार को न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त को घटना में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अधिवक्ताओं ने बताया कि न्यायाधीश ने सभी धाराओं में अलग-अलग सजा का एलान करते हुए अभियुक्त को 25 हजार रुपये से दंडित भी किया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 24-09-2021

# 32 लोगों से तीन हजार जुर्माना वसूला गया

**श्रावस्ती।** जिले में कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए लोगों से कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की जा रही है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस की ओर से विभिन्न थाना क्षेत्रों में मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने जगह जगह लोगों के मास्क की चेकिंग की। इसमें 32 लोगों को बिना मास्क के पकड़ा गया। जिनका चालान कर उनसे तीन हजार 400 रुपये जुर्माना वसूला गया।

**पुलिस ने 24 वाहनों का चालान काटाः** बुधवार को पुलिस ने वाहन के पेपर, डीएल आदि की चेकिंग की। इसमें से 24 वाहनों का ई-चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर 58 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### ुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का वार्षिक निरीक्षण किया

# अपराधियों की नकेल हाथ में रखेंःडीआईजी

ावस्ती | संवाददाता

ुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन रेंज ा राकेश सिंह ने गुरुवार को पुलिस ार्यालय श्रावस्ती का वार्षिक निरीक्षण ेया। वार्षिक निरीक्षण से पूर्व पुलिस ाहानिरीक्षक महोदय को गार्द की लामी दी गई। इसके बाद उन्होंने विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने प्रधान िपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी पर पुलिस अधीक्षक, पेशी ेत्राधिकारी लाईन/नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, ोरोना सेल, अपराध शाखा, विशेष िशोर पुलिस ईकाई, एएचटीयू, ायोग सेल, आगन्तुक हेल्प डेस्क, ाईजीआरएस शाखा, जनशिकायत ्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विधिक ाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, नसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग ेल, मीडिया सेल व स्थानीय भिसचना इकाई का निरीक्षण किया।

## निर्देश

- डीआईजी ने पुलिस आफिस का किया निरीक्षण
- रिकार्ड का रख रखाव ठीक रखने का दिया निर्देश

डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनकी ओर से किए जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी की। साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डो का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, डीसीआरवी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, क्राइम ब्रांच को लंबित विवचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने, जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने, प्रधानलिपिक शाखा में लंबित प्रारम्भिक जांच का शीघ्र निस्तारण व समस्त चरित्र पंजिकाओ में मंतव्य अंकन कराने, आंकिक शाखा को सभी जीपीएफ पासबकों को अध्यावधिक करने का निर्देश दिया।



पुलिस आफिस में रजिस्टर का निरीक्षण करते डीआईजी।

इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने आगामी त्योहारो को सकुशल एवं शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने एवं जनपद में कानन व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक बीसीदूबे, क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद, क्षेत्राधिकारी इकौना एसपी शर्मा सहित समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी व अन्य पलिस अधिकारी मौजद रहे।

# नहर में डूब रहे युवक की आरक्षी ने बचाई जान

**संसू, जमुनहा (श्रावस्ती) :** गिलौला थाने में तैनात आरक्षी शैलेंद्र कुमार अपने क्षेत्र में भ्रमण पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि चेतिया मुरार चौराहे के पास स्थित नहर में एक व्यक्ति ने छलांग लगा दी है। गहरे पानी में चले जाने से वह डूब रहा है।

आरक्षी ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि एक व्यक्ति नहर में डूब रहा है। उसने बिना जान की परवाह किए नहर में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत कर किसी तरह डूब रहे व्यक्ति को पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटनास्थल पर मौजूद भीड़ व उच्चाधिकारियों ने आरक्षी के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। पानी में छलांग लगाने वाले व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम पता जनार्दन वर्मा निवासी लखना बताया। आरक्षी ने सुरक्षित उसे घर भेज दिया।



श्रावस्ती के चेतिया मुरार के पास नहर में कूदे युवक को पानी से बाहर निकाल कर लाता आरक्षी शैलेंद्र कुमार (बाएं)

## सराहनीय

- जान की परवाह किए बिना लगाई नहर में छलांग
- गिलौला थाने में है तैनात उच्चाधिकारियों ने की प्रशंसा

# अभियान चलाकर अपराधियों पर करें कार्रवाई : आइजी

**संसू, श्रावस्ती:** देवीपाटन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह गुरुवार को श्रावस्ती पहुंचे। पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिसकर्मियों से मिलकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाकर अपराधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

आइजी ने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, एएसपी व सीओ की पेशी, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, कोरोना सेल, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस इकाई समेत अन्य पटलों का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मचारियों की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। सभी शाखा प्रभारियों को रिकार्ड का रखरखाव ठीक ढंग से करने के निर्देश दिए।

डीसीआरबी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने व क्राइम ब्रांच को लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारित करने की हिदायत दी। जन शिकायत व आइजीआरएस शाखा को फीडबैक लेकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। मानीटरिंग सेल को पाक्सो व महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर आरोपितों को सजा दिलाने, एलआईयू शाखा को पासपोर्ट वेरीफिकेशन का समयबद्ध निस्तारण करने व अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए। इसके बाद आइजी ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा हुई। एसपी अरविंद कुमार मौर्य, एएसपी बीसी दूबे, सीओ हौसला प्रसाद व एसपी शर्मा मौजूद रहे।



जिला मुख्यालय भिनगा स्थित पुलिस कार्यालय में अभिलेखों की जांच करते देवीपाटन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह (बाएं) • जागरण

# डीआईजी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

## सभी शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक देवी पाटन मंडल गोंडा गुरुवार को श्रावस्ती पहुंचे। जिन्हें पुलिस कार्यालय पर गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उनके द्वारा पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण करते डीआईजी। -संवाद

पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा डॉ. राकेश सिंह गुरुवार भिनगा पहुंचे। जिन्होंने पुलिस कार्यालय पर गार्द की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक ने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाईन व नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, कोरोना सेल, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एएचटीयू, आयोग सेल, आगंतुक हेल्प डेस्क, आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, मीडिया सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखाओं में नियुक्त सभी पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही शाखा प्रभारियों को रिकॉर्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, डीसीआरबी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, क्राइम ब्रांच को लंबित विवचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने, जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे, क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद, क्षेत्राधिकारी इकौना एमपी शर्मा सहित सभी शाखाओं के शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# जांबाज आरक्षी ने नहर में कूदे युवक की बचाई जान

श्रावस्ती। गिलौला थाने में तैनात आरक्षी शैलेंद्र कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बुधवार को नहर में छलांग लगा दी। जिसमें डूब रहे एक व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला। उसकी इस बहादुरी के लिए एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने प्रशंसा की।

गिलौला थाने में तैनात आरक्षी शैलेंद्र कुमार बुधवार को अपने हल्का क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि चेतिया मुरार चौराहे के पास स्थित नहर में एक व्यक्ति ने छलांग लगा दी है। सूचना के बाद आरक्षी शैलेंद्र कुमार ने बिना समय गवाएं मौके पर पहुंचकर नहर में छलांग लगा दी। इसके बाद उन्होंने नहर में डूब रहे व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाला।

यह नजारा देख मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। व्यक्ति को सुरक्षित देखकर सभी लोगों ने आरक्षी द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की खूब प्रशंसा की। नहर से निकाले गए व्यक्ति की पहचान ग्राम लखना निवासी जनार्दन वर्मा (30) पुत्र लल्लू वर्मा के रूप मे हुई है। आरक्षी शैलेंद्र कुमार के इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी अरविंद कुमार मौर्य, एएसपी बीसी दुबे व सीओ इकौना एमपी शर्मा सहित थानाध्यक्ष ने उसके इस कार्य की प्रशंसा की है। (संवाद)

## एसपी ने आरक्षी शैलेंद्र कुमार की बहादुरी की प्रशंसा की



चेतियामुरार स्थित नहर में कुदे युवक की आरक्षी ने बचाई जान। -संवाद

# कार व स्कॉर्पियों की भिड़ंत में पूर्व जिपं. अध्यक्ष सहित तीन घायल

**सिरसिया (श्रावस्ती)।** बलरामपुर बॉर्डर पर स्थित हथिया कुंडा नाले के निकट गुरुवार को कार व स्कॉर्पियों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी सिरसिया लाया गया। जहां से बाद में उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर किया गया है।

**सिरसिया तुलसीपुर मार्ग पर हथिया कुंडा नाले के पास हादसा**

जिले के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सपा नेता रामअधार सोनकर (52) किसी कार्य से बलरामपुर गए थे। जहां से गुरुवार को वह अपनी स्कॉर्पियो से वापस लौट रहे थे। इस दौरान उनके साथ चंद्रशेखर (64) व अजय सोनकर (23) भी मौजूद थे। जैसे ही उनकी स्कॉर्पियो सिरसिया तुलसीपुर मार्ग स्थित बलरामपुर सीमा क्षेत्र पर पड़ने वाले हथिया कुंडा नाले के निकट पहुंची। तभी सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई।

इस दौरान कार को बचाने के प्रयास में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित स्कॉर्पियों सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया लाया गया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने के कारण तीनों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया गया है। वहीं कार सवार बाल-बाल बच गया। घटना के बाद कार सवार मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। (संवाद)

# अलग-अलग मामलों में आठ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से बुधवार रात चलाए गए अभियान के दौरान अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में एक वांछित व सात शांति भंग के आरोपी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। वहीं जिला पुलिस की ओर से गुरुवार को शातिर अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 24 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस द्वारा 58,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया गया। वहीं पुलिस ने कोविड-19 का उल्लंघन करने वाले 32 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3400 रुपये जुर्माना वसूल किया। (संवाद)